राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस
क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उत्तरांचल,उत्तराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रसारीत

सुरत–गुजरात,संस्करण मंगलवार, 05 जुलाई 2022 वर्ष–5,अंक–160 पृष्ठ–08 मूल्य–01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की जासूसी! BJP का दावा- KCR का भेजा खुफिया अफसर पकड़ाया

### रेड्डी ने कहा, स्थानीय सरकार दुर्भावनापूर्ण मंशा से यहां हो रही सभी बातचीत को सार्वजनिक करने की कोशिश कर रही है। खुफिया अधिकारी सभागार के भीतर आया, जहां प्रवेश की अनुमति नहीं थी।

**हैदराबाद।** भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी परिषद की बैठक की कार्यवाही के मसौदा प्रस्ताव की कॉपी की तस्वीरें खींचते हुए एक खुफिया अधिकारी को पकड़ा गया है। भाजपा के पूर्व विधायक एन. इंद्रसेन रेड्डी ने कहा कि उन्होंने खुफिया अधिकारी को उसके वरिष्ठ अधिकारियों को सौंप दिया और उसकी ओर से ली गई तस्वीरों को डिलीट कर दिया।

रेड्डी ने कहा, स्थानीय सरकार दुर्भावनापूर्ण मंशा से यहां हो रही सभी बातचीत को सार्वजनिक करने की कोशिश कर रही है। खुफिया अधिकारी सभागार के भीतर आया, जहां प्रवेश की अनुमति नहीं थी। उसने घटनास्थल पर घुसने के लिए पुलिस पास का इस्तेमाल किया। अधिकारी को दिन की कार्यवाही शुरू होने से पहले मोबाइल फोन से मसौदा प्रस्ताव की प्रतियों की तस्वीरें लेते हुए पकड़ा गया। उसे वरिष्ठ अधिकारियों को सौंप दिया गया।÷



**राज्य सरकार का यह रवैया स्वीकार्य नहीं**

भाजपा नेता ने कहा कि राज्य सरकार का रवैया स्वीकार्य नहीं है और उन्हें दूसरों की निजता का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया, उन्होंने (मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव) इस तरह खुफिया अधिकारियों को क्यों भेजा? अगर कुछ है तो उन्हें सामने आकर निपटना चाहिए। राज्य सरकार इस घटना के लिए माफी मांगे

**कोई गुप्त गतिविधि नहीं हो रही- पीयूष गोयल**

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भी घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार पारदर्शिता में विश्वास करती है। गोयल ने कहा, हमारी सरकार पारदर्शिता में विश्वास करती है, हम खुद सब कुछ वेबसाइट पर डालते हैं, इसलिए जो भी आना चाहता है वह आ सकता है। कोई गुप्त गतिविधि नहीं है। हम लोगों के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं।

## हिमाचल के कुल्लू में भीषण हादसा, खाई में बस गिरने से 16 की मौत; स्कूली बच्चे समेत 40-50 लोग थे सवार

हिमाचल के कुल्लू में बड़ा हादसा हुआ है। यात्रियों से भरी एक बस गहरी खाई में गिर गई। शुरुआती जानकारी के मुताबिक 16 लोगों की मौत हो गई है। बस में 50 से अधिक लोग सवार थे, कई गंभीर रूप से घायल।



**कुल्लू।** हिमाचल के कुल्लू में सोमवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हुआ। यात्रियों से भरी एक बस गहरी खाई में गिर गई।शुरुआती जानकारी के मुताबिक हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई है तो कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। बस में 40-50 लोग सवार थे। दर्जनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है, जिनमें कई की स्थिति बेहद नाजुक है। अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि हादसे का कारण क्या है। कुल्लू में पिछले दो दिनों से बहुत अधिक बारिश हुई है। मौसम बेहद खराब है। सोमवार सुबह करीब 8 बजे कुल्लू जिले में निओली-शंशेर रोड पर पर सैंज घाटी के जंगला इलाके में निजी बस चालक के कंट्रोल से बाहर होकर गहरी खाई में गिर गई। बस के परखच्चे उड़ गए। एक दर्जन से अधिक लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन ने राहत और बचाव का काम शुरू किया। घायलों को तुरंत पास के अस्पतालों में पहुंचाया गया है। बताया जा रहा है कि मृतकों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है।

## मानसूनी बारिश के बीच कई जगहों पर उमस

**नई दिल्ली।** मानसून अब देशभर में रफ्तार पकड़ रहा है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत कई राज्यों में जमकर बारिश हो रही है। देश के अलग-अलग हिस्सों से बारिश की तस्वीरें भी सामने आ रही हैं। इसी कड़ी में मौसम विभाग ने बताया है कि दिल्ली, यूपी, उत्तराखंड के कुछ हिस्सों, हिमाचल प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, लक्षद्वीप और तेलंगाना और पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। दरअसल, दक्षिण-पश्चिम मानसून ने सामान्य समय से करीब छह दिन पहले ही पूरे देश को कवर कर लिया है। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तरी अरब सागर के हिस्सों, गुजरात व राजस्थान के बाकी इलाकों में भी मानसून पहुंचने के साथ देश भर में छा गया है। देशभर में मानसून पहुंचने की सामान्य तिथि आठ जुलाई है, लेकिन इस बार छह दिन पहले ही मानसून ने समूचे भारत को कवर कर लिया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को न्यूनतम तापमान 27 डिग्री और अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। बादल छाए रह सकते हैं और हल्की बारिश भी हो सकती है। मौसम विभाग की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, दिल्ली में 5 और 6 जुलाई को मध्यम से भारी बारिश देखी जा सकती है। वहीं, 7 जुलाई को दिल्ली में हल्की बारिश हो सकती है। 7 जुलाई तक दिल्ली में तापमान 32 से 36 डिग्री के बीच रहेगा। उधर उत्तर प्रदेश के कई जिलों में आसमान में बादल छाए रह सकते हैं। बिहार के कई इलाकों में बारिश से लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं। बिहार में लगातार हो रही बारिश के चलते नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। इसके अलावा राजस्थान के भी ज्यादातर जिलों में बारिश की संभावना है।

उधर गुजरात में मौसम विज्ञान विभाग ने अगले पांच दिनों में अलग-अलग हिस्सों में भारी से बहुत बारिश की भविष्यवाणी की है। मानसून की बारिश के साथ देशभर में मौसम का मिजाज बदल गया है। भारत के सभी राज्यों के अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। हालांकि, यूपी, बिहार समेत कुछ राज्यों में उमस भी बढ़ी है।

## भारत में मिला ओमिक्रोन का नया सब वेरिएंट हो सकता है बेहद खतरनाक, इजरायली एक्सपर्ट ने किया दावा

**नई दिल्ली।** भारत के करीब 10 राज्यों में ओमिक्रोन के नए सब वेरिएंट BA.2.75 का पता चला है, जो कि बेहद खतरनाक हो सकता है। यह दावा एक इजरायली एक्सपर्ट ने किया। हालांकि, भारतीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अभी तक आधिकारिक तौर पर देश में ओमिक्रोन के सब वेरिएंट की पुष्टि नहीं की है। ट्वीट्स की एक श्रृंखला में, तेल हाशोमर में शेबा मेडिकल सेंटर में सेंट्रल वायरोलाजी लेबोरेटरी के साथ डा. शाय फ्लीशान ने कहा कि 8 देशों के 85 अनुक्रम अब तक जीनोमिक डेटा के एक ओपन-सोर्स प्लेटफार्म नेक्स्टस्ट्रेन पर अपलोड किए गए हैं। इसमें 69 भारत से शामिल हैं (दिल्ली से 1, हरियाणा से 6, हिमाचल प्रदेश से 3, जम्मू से 1, कर्नाटक से 10, मध्य प्रदेश से 5, महाराष्ट्र से 27, तेलंगाना से 2, उत्तर प्रदेश से 1 और पश्चिम बंगाल से 13)।

नेक्स्टस्ट्रेन डेटा के अनुसार, भारत के अलावा, सात अन्य देशों द्वारा भी स्ट्रेन की सूचना दी गई है। इसमें जापान में 1, जर्मनी में 2, यूके में 6, कनाडा में 2, यूएस में 2, आस्ट्रेलिया में 1 और न्यूजीलैंड में 2 मामले सामने आए हैं।

**कई क्षेत्रों में फैला वेरिएंट**




फ्लीशान ने समझाया कि हाल के महीनों में, ओमिक्रोन के उप-वंशों BA.1, BA.2, BA.3, BA.4, और BA.5 पर आधारित दूसरी पीढ़ी के वेरिएंट का चलन रहा है। यह ओमिक्रोन पर आधारित है। स्पाइक प्रोटीन के S1 खंड में उत्परिवर्तन के साथ वंशावली और विशेष रूप से स्पाइक प्रोटीन के हिस्से में जिसका उपयोग वायरस कोशिकाओं से जुड़ने और प्रवेश पाने के लिए करता है।

यह पहली बार है जब ओमिक्रोन से दूसरी पीढ़ी का वेरिएंट कई क्षेत्रों में फैल गया है।

तथ्य यह है कि इस तरह के एक अलग दूसरी पीढ़ी के संस्करण इंटर-होस्ट सफल हो सकते हैं।

इसका मतलब है कि अगर BA.2.75 सफल नहीं होगा और यहां तक कि अगर ऐसा होता है, तो दूसरी जेनेरेशन समय के साथ बेहतर हो सकती है।

**वेरिएंट पर रखनी होगी नजर**

इंपीरियल कालेज लंदन के वैज्ञानिक थामस पीकाक ने ट्विटर पर कहा कि ओमिक्रोन के सब-वेरिएंट पर नजर रखनी होगी। अमेरिका में फ्रेड हच अनुसंधान संस्थान के ब्लूम लैब (Bloom Lab) के मुताबिक, G446S वर्तमान टीकों द्वारा प्राप्त एंटीबाडी से बचने के सबसे शक्तिशाली स्थलों में से एक है जो अभी भी ब्क्र2 को बेअसर करता है। इसलिए टीकों या शुरुआती संक्रमणों से प्रतिरक्षा के लिए G446S को BA.2 में जोड़ने से न्यूट्रलाइजेशन कम हो जाएगा।

## पटना में बड़ा हादसा, गंगा नदी में डूबी स्कॉर्पियो; दो लोग लापता

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में स्कॉर्पियो गाड़ी गंगा नदी में डूब गई। यह हादसा फतुहा के जेठूली गंगा घाट पर रविवार रात को हुआ। स्कॉर्पियो में कुल 8 लोग सवार थे, जिनमें से 6 को बचा लिया गया। दो अन्य लोग लापता हैं। उनकी तलाश जारी है। यह हादसा स्कॉर्पियो को नाव में चढ़ाने के दौरान हुआ। गाड़ी में सवार सभी लोग वैशाली जिले में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। जानकारी के मुताबिक फतुहा के जेठुली गंगा घाट पर रविवार रात नाव पर लदी बारात की एक स्कॉर्पियो गंगा नदी में समा गई। हादसे में गाड़ी में सवार छह लोग तैरकर नदी से निकल गए, जबकि दो का पता नहीं चल सका। घटनास्थल पर डीएसपी राजेश कुमार मांझी के अलावा नदी, रुस्तमपुर और राघोपुर के थानाध्यक्ष पहुंचे। रात में पहुंची एनडीआरएफ की टीम की मदद से गंगा में तलाशी अभियान शुरू किया गया, मगर उनका पता नहीं चल पाया। दरअसल, पटना के इंदिरा नगर रोड नम्बर 4 से उपेंद्र राय के पुत्र शम्भू की बारात निजी वाहन से वैशाली के राघोपुर के लिए निकली थी। वहां रामपुर निवासी सिकंदर राय की पुत्री सविता की शादी में बारात पहुंचनी थी। सभी



बाराती जेठुली घाट पर पहुंचे। इसके बाद गंगा के उस पर जाने के लिए बड़ी नाव पर दो स्कॉर्पियो को लोड कर दिया गया। नाव खुलते ही वर्षा शुरू हो गई, इस कारण आठ लोग स्कॉर्पियो में बैठ गए। इसी दौरान नाव के लड़खड़ाने से स्कॉर्पियो गंगा में समा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक छह लोग तैरकर बाहर आ गए, जबकि दो लोग स्कॉर्पियो के साथ लापता बताए जाते हैं। डीएसपी राजेश कुमार मांझी ने बताया कि एनडीआरएफ की मदद से तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

## कन्हैयालाल हत्याकांड का विरोध करने पर जान से मारने की धमकी, बजरंग दल के कार्यकर्ता को मिली सुरक्षा

**चुरू।** राजस्थान के उदयपुर में दर्जी कन्हैयालाल की हत्या के बाद जिले में हालात अब धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। लेकिन अब इस बीच बजरंग दल के एक कार्यकर्ता को जान से मारने की धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि बजरंग दल के कुछ कार्यकर्ताओं ने उदयपुर जघन्य हत्याकांड को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था जिसके बाद इस कार्यकर्ता को धमकी दी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चुरू जिले के राजगढ़ तहसील के गांव सरदारपुरा में रहने वाले प्रवीण कुमार को यह धमकी दी गई है। प्रवीण कुमार के बारे में बताया जा रहा है कि वो बजरंग दल के सक्रिय सदस्य हैं। धमकी दिये जाने की खबर सामने आने के बाद यहां पुलिस-प्रशासन के बीच हड़कंप मच गया है। आननफानन में प्रवीण कुमार को पुलिस की तरफ से सुरक्षा मुहैया कराई गई है।



**खुद को बताया गैंग का सदस्य**

प्रवीण कुमार ने थाने में अपनी शिकायत भी दर्ज करवाई है। उन्होंने बताया है कि उदयपुर मर्डर केस के विरोध में बीते 1 जुलाई को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने मिलकर चुरू में शहर बंद का ऐलान किया था। प्रवीण का कहना है कि फोन पर उन्हें धमकी देने वाले ने अपना नाम कालू बताया है। कालू ने यह भी बताया था कि वो संपत नेहरा गैंग का सदस्य है।

**गोली मारने की धमकी**

प्रवीण के मुताबिक, फोन करने वाले कथित शख्स कालू ने उनसे कहा, तू बाजार बंद करवाने वाला कौन है, तूने कैसे बाजार बंद करवाया...तुझ गोली मारूंगा। अब इस मामले में शिकायत मिलने के बाद पुलिस तत्पर हो गई है। यहां के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सादुलपुर अशोक कुमार बुटोलिया ने पुलिस को जांच के आदेश दिये हैं। अब पुलिस फोन नंबर के जरिए धमकी देने वाले तक पहुंचने की कोशिश में लगी है।

**कन्हैयालाल की हुई थी जघन्य हत्या**

बता दें कि 28 जून को उदयपुर में टेहल कन्हैयालाल की गला काट कर हत्या कर दी थी। मुख्य आरोपी मोहम्मद रियाज और गौस मोहम्मद उस दिन कपड़े सिलवाने के लिए उनकी दुकान पर गये थे। इसके बाद अचानक उन्होंने धारदार हथियार से उनकी हत्या कर दी थी।

भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा द्वारा दिये गये एक विवादास्पद बयान का कन्हैयालाल ने सोशल मीडिया पर कथित तौर से समर्थन किया था। जिसके बाद उन्हें मौत के घाट उतार दिया गया। इस मामले में पुलिस ने अब तक 4 आरोपियों को पकड़ा है। सभी आरोपी अभी पुलिस रिमांड पर है। इस जघन्य हत्याकांड की आतंकी एंगल से भी जांच की जा रही है।

## गुजरात में अरविंद केजरीवाल का ऐसा है प्लान, बीजेपी से ज्यादा कांग्रेस को नुकसान

**अहमदाबाद।** दिल्ली के बाद पंजाब में सत्ता हासिल कर चुकी आम आदमी पार्टी (आप) की निगाहें अब गुजरात पर है। दशकों से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सबसे बड़े गढ़ में 'झाड़ू' फेड़ने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल एक तरफ जहां संगठन को मजबूत करने में जुटे हैं तो दूसरी तरफ वह भाजपा विरोधी वोटरों को एकजुट करके अपनी ओर लाने की कोशिश में हैं। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को अहमदाबाद में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें सत्ता हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी, हमें विपक्ष में नहीं बैठना है। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने रविवार को यहां 6988 पदाधिकारियों को ईमानदारी से लोगों की सेवा करने की शपथ दिलाई।

**भाजपा विरोधी वोटों को खींचने की कोशिश**–दो दिवसीय गुजरात दौरे पर पहुंचे केजरीवाल ने लोगों से अपील की कि वे गुजरात के आगामी विधानसभा चुनाव में अपना मत आप को दें। कांग्रेस को मत देकर बेकार न करें। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा से नाराज उन सभी लोगों के मत उसे मिल जाए,



जो कांग्रेस को अपना मत नहीं देना चाहते हैं तो आप गुजरात में अगली सरकार बना सकती है। आप गुजरात में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में पूरे जोर-शोर से जुट गई है।

**केजरीवाल का प्लान, कांग्रेस को ज्यादा नुकसान**

केजरीवाल ने कहा कि आप कार्यकर्ताओं को उन लोगों का समर्थन पार्टी के पक्ष में हासिल करने की कोशिश करनी चाहिए जो भाजपा शासन से नाराज हैं, लेकिन कांग्रेस को मत नहीं देना चाहते हैं। पिछली बार लोगों ने उम्मीद के साथ कांग्रेस को मत दिया था, लेकिन गुजरात में अब तक 57 विधायक पार्टी छोड़ चुके हैं। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, भाजपा के खिलाफ एंटी इंकम्बेंसी की बातें हर चुनाव में होती हैं, लेकिन भगवा दल की जड़ें यहां काफी गहरी हैं। केजरीवाल भाजपा विरोधी वोटों पर फोकस कर रहे हैं, जो अभी कांग्रेस को मिलता रहा है। ऐसे में आप बीजेपी से पहले और ज्यादा कांग्रेस को नुकसान पहुंचा सकती है।

**दिल्ली, पंजाब के कामों को जनता तक पहुंचाएं**–केजरीवाल ने दावा किया कि हाल में दिल्ली के दौरे पर गुजरात से गया भाजपा का प्रतिनिधिमंडल वहां के स्कूलों और अस्पतालों में एक भी कमी निकालने में असफल रहा। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि वे गुजरात के मतदाताओं से उनका मत मांगने के दौरान दिल्ली और पंजाब की आप सरकारों द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दें।

**आप का संगठन मुख्य विपक्षी पार्टी से कई गुना बड़ा**

केजरीवाल ने कहा कि कांग्रेस गुजरात में केवल कागजों पर ही अस्तित्व में है जबकि आप का संगठन मुख्य विपक्षी पार्टी से कई गुना बड़ा हो चुका है। बहुत कम समय में लाखों लोग आप से जुड़े हैं। उन्होंने दावा किया कि एक महीने में बूथ स्तर का संगठन बनाने के बाद आप का गुजरात में भाजपा से भी बड़ा संगठन होगा।

# भ्रष्टाचार प्रतियोगिता में

# &

# भ्रष्टाचार की जानकारी देने

## National Rights Group Youtube Channel

## krantisamay@gmail.com

## 9879141480

## fight against corruption india

## भारत में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई

# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद



**मुंबई ।**

मुम्बई शेयर बाजार में सोमवार को तेजी रही। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी (लिवाली) बढ़ने से बाजार ऊपर आया है। दिन भर के कारोबार के बाद तीसरे शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 326.84 अंक करीब 0.62 फीसदी बढ़कर 53,234.77 अंक पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान एक समय बढ़त 394.06 अंक तक पहुंच गयी थी। इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी कारोबार के अंत में 83.30 अंक तकरीबन 0.53 फीसदी की बढ़त के साथ ही 15,835.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से हिंदुस्तान यूनिलीवर, इंडसइंड बैंक, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, पावरग्रिड और एसबीआई के शेयर बढ़े हैं जबकि टीसीएस, टाटा स्टील और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर गिरे हैं। कारोबार के दौरान एचयूएल, ब्रिटेनिया , इंडसइंड बैंक, आईटीसी और आईसीआईसीआई बैंके के शेयर उछल जबकि जबकि जेएसडब्लू स्टील, ओएनजीसी, टीसीएस, टाटा स्टील और सिपला के शेयर बढ़े हैं। वहीं एशियाई बाजारों की बात करें तो जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त पर रहे जबकि दक्षिण कोरिया के कॉस्पी और हांगकांग के हैंगसेंग में गिरावट रही। वहीं यूरोप के बाजार दोपहर के सत्र में सकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बंद रहे।

## एचडीएफसी के एचडीएफसी बैंक के साथ विलय प्रस्ताव को मंजूरी

**नई दिल्ली ।** एचडीएफसी के एचडीएफसी बैंक के साथ विलय के प्रस्ताव को शेयर बाजारों की मंजूरी मिल गई है। यह देश के कॉरपोरेट इतिहास में सबसे बड़ा लेनदेन है। एचडीएफसी और एचडीएफसी बैंक, दोनों को दोनों स्टॉक बाजारों से अनापत्ति मिल गई है। एचडीएफसी बैंक ने बताया कि उसे बीएसई लिमिटेड से किसी भी प्रतिकूल टिप्पणी के बिना अवलोकन पत्र और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड से अनापत्ति के साथ अवलोकन पत्र मिला है। एचडीएफसी बैंक ने कहा` कि यह योजना अन्य बातों के साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग, राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण और योजना में शामिल कंपनियों के संबंधित शेयरधारकों और लेनदारों से मंजूरी सहित विभिन्न वैधानिक और नियामक अनुमोदनों के अधीन है। इससे पहले चार अप्रैल को देश की सबसे बड़ी आवास वित्त कंपनी एचडीएफसी लिमिटेड का निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी बैंक में विलय का फैसला लिया गया था। करीब 40 अरब डॉलर के इस अधिग्रहण सौदे से वित्तीय सेवा क्षेत्र की एक बड़ी कंपनी अस्तित्व में आएगी।




## निसान मोटर ने विल्सन को निदेशक विपणन नियुक्त किया

**नई दिल्ली ।** वाहन विनिर्माता निसान मोटर इंडिया ने कहा कि उसने मोहन विल्सन को निदेशक (विपणन, उत्पाद और ग्राहक अनुभव) नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति एक जुलाई से प्रभावी है। कंपनी ने कहा कि विल्सन निसान मोटर कॉरपोरेशन के प्रीमियम कार ब्रांड इनफिनिटी के जापान स्थित वैश्विक मुख्यालय में वैश्विक विपणन योजना के प्रमुख थे। वह श्रीराम पद्मनाभन की जगह लेंगे। वह निसान मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक राकेश श्रीवास्तव को रिपोर्ट करेंगे और उनका केंद्र चेन्नई होगा।

## एपीसेज की माल आवाजाही बढ़कर नौ करोड़ टन हुई

**नई दिल्ली।** अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीसेज) ने सोमवार को कहा कि उसकी माल आवाजाही चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में आठ प्रतिशत बढ़कर 9.08 करोड़ टन हो गई। कंपनी ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही के दौरान माल की आवाजाही किसी भी तिमाही के मुकाबले सबसे अधिक रही। एपीसेज ने कहा कि सिर्फ जून में माल की आवाजाही 3.18 करोड़ टन रही, जो सालाना आधार पर 12 प्रतिशत अधिक है। बयान के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में माल की आवाजाही किसी भी तिमाही के मुकाबले सबसे अधिक रही। इस दौरान तिमाही आधार पर 16 प्रतिशत और सालाना आधार पर आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई। कंपनी ने बताया कि इस दौरान कोयले की आवाजाही सबसे अधिक रही। इसके अलावा कच्चा तेल और कंटेनर की भी प्रमुख हिस्सेदारी रही।

## एनटीपीसी का बिजली उत्पादन 21.7 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान उसका बिजली उत्पादन 21.7 प्रतिशत बढ़कर 104.4 अरब यूनिट (बीयू) हो गया। कंपनी ने कहा कि एनटीपीसी समूह की कंपनियों ने 2022 की अप्रैल-जून तिमाही में 104.4 बीयू का उत्पादन दर्ज किया, जो पिछले साल की इसी तिमाही के उत्पादन 85.8 बीयू से 21.7 प्रतिशत अधिक है। जून 2022 में बिजली उत्पादन 34.8 बीयू रहा, जो जून 2021 के 26.9 बीयू की तुलना में 29.3 प्रतिशत अधिक है। ये आंकड़े कंपनी के बेहतर प्रदर्शन और चालू वर्ष में बिजली की मांग में वृद्धि को दर्शाते हैं। उड़ीसा में एनटीपीसी तालचेर कनिहा (3000 मेगावाट) अप्रैल से जून 2022 के बीच 94.2 प्रतिशत संयंत्र लोड फैक्टर (क्षमता उपयोग) के साथ शीर्ष प्रदर्शन करने वाला ताप बिजली संयंत्र था। एनटीपीसी के कोयला संयंत्रों का कुल लोड फैक्टर अप्रैल से जून 2022 के बीच 80 प्रतिशत था। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की समान अवधि में 69 प्रतिशत था।

## यूनिकॉमर्स चालू वित्त वर्ष में 800 वेयरहाउस जोड़ेगी

**मुंबई ।** आपूर्ति श्रृंखला क्षेत्र के प्रौद्योगिकी मंच यूनिकॉमर्स ने सोमवार को कहा कि वह देश में तेजी से बढ़ते ई-कॉमर्स के बीच चालू वित्त वर्ष में अपने नेटवर्क में 800 वेयरहाउस जोड़ने की योजना बना रहा है। कंपनी कई नई श्रेणियां और बिजनेस मॉडल लाने पर भी विचार कर रही है। कंपनी इस समय 7,200 से अधिक वोयरहाउस को प्रबंधन समाधान मुहैया कराती है। यूनिकॉमर्स ने कहा ` कि मार्च 2023 तक 8,000 से अधिक नए वेयरहाउस यूनिकॉमर्स के वेयरहाउस प्रबंधन मंच का लाभ उठाएंगे, जबकि 7200 से अधिक वेयरहाउस पहले ही जुड़े हुए हैं।

## अडानी एंटरप्राइजेज को मिल सकता है कोल इंडिया के लिए कोयला आयात का टेंडर

मुंबई । कोल इंडिया के पहले कोयला आयात का टेंडर अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड को मिलना लगभग तय हो गया है। देश के दिग्गज कारोबारी गौतम अडानी ग्रुप की अडानी एंटरप्राइजेज ने कोल इंडिया के लिए कोयला आयात करने के लिए सबसे कम दर पर बोली लगाई है। भारत में पावर जेनरेशन कंपनियों के लिए कोयला आयात करने के लिए कोल इंडिया की ओर से टेंडर निकाला गया था। जिसमें अडानी की कंपनी की ओर से कोयला आयात के लिए सबसे कम बोली लगाई गई थी। कोल इंडिया से जुड़े सूत्रों के अनुसार अडानी इंटरप्राइजेज ने 2.41 मिलियन टन कोयले के आयात के लिए 4033 करोड़ रुपए की बोली लगाई हैं, वहीं उनके बाद सबसे कम बोली मोहित मिनरल्स नाम की कंपनी की ओर से 4182 करोड़ रुपए की लगाई गई है। उसके बाद बाद चेट्टिनाड लॉजिस्टिक्स ने विदेश से कोयला आयात के लिए 4222 करोड़ रुपए का टेंडर डाला था। सूत्रों के अनुसार बीते शुक्रवार को कोल इंडिया के कोयला आयात से संबंधित टेंडर की यह बोली खोली गई थी। गौरतलब है कि देश में कोयले की कमी को दूर करने के लिए विदेश से कोयला आयात कर 7 सार्वजनिक क्षेत्र की थर्मल पावर कंपनियों और 19 निजी पावर प्लांट को उपलब्ध कराने की योजना है। खबरों के मुताबिक अडानी एंटरप्राइजेज ने जनवरी से जून के बीच नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन के लिए कोयला आयात के कई प्रोजेक्ट्स के टेंडर हासिल करने में सफलता पाई है।

# उच्च रक्तचाप और डायबिटीज जैसी बीमारियों में उपयोगी 84 दवाओं की कीमतें तय

### कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स का स्तरकम करने फॉर्मूलेशन की कीमत भी तय



**नई दिल्ली ।**

दवाओं की कीमत तय करने संबंधी नियामक एनपीपीए ने डायबिटीज, सिरदर्द और उच्च रक्तचाप के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 84 दवाओं के लिए खुदरा कीमतें तय की हैं। राष्ट्रीय दवा मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स के स्तर को कम करने के लिए फॉर्मूलेशन की कीमत भी तय की हैं। नियामक ने एक अधिसूचना में कहा कि दवा (मूल्य नियंत्रण) आदेश, 2013 द्वारा मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए एनपीपीए ने दवाओं की खुदरा कीमतें तय की हैं। आदेश के अनुसार वोग्लिबोस और (एसआर) मेटफॉर्मिन हाइड्रोक्लोराइड की एक टैबलेट की कीमत जीएसटी को छोड़कर 10.47 रुपए होगी। अब कंपनियां अपनी मर्जी से कीमतों में बढ़ोतरी नहीं कर सकती। इसी तरह पैरासिटामोल और कैफीन की कीमत 2.88 रुपए प्रति टैबलेट तय की गई है। इसके अलावा एक रोसुवास्टेटिन एस्पिरिन और क्लोपिडोग्रेल कैप्सूल की कीमत 13.91 रुपए तय की गई है। ये ऐसी दवाएं हैं जो आम तौर सबसे ज्यादा इस्तेमाल होती हैं।

एनपीपीए ने कहा कि फार्मास्युटिकल कंपनियों को निश्चित कीमतों का सख्ती से पालन करने की आवश्यकता है। ऐसा नहीं करने पर उनके ऊपर ब्याज सहित जुर्माना लगाया जाएगा। जिन दवाओं की कीमतें तय की गई हैं, उनमें टाइप 2 मधुमेह, उच्च रक्तचाप और गैस्ट्रो से जुड़ी बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाएं, साथ ही दिल के दौरे और स्ट्रोक को रोकने के लिए रक्त में ट्राइग्लिसराइड्स के स्तर को कम करने के लिए ली जाने वाली दवाएं शामिल हैं। एक अलग अधिसूचना में एनपीपीए ने कहा कि उसने इस साल 30 सितंबर तक लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन और ऑक्सीजन इनहेलेशन की संशोधित अधिकतम कीमत बढ़ा दी है। एनपीपीए नियंत्रित थोक दवाओं और फॉर्मूलेशन की कीमतों को तय या संशोधित करने और देश में दवाओं की कीमतों व उपलब्धता को लागू करने के लिए काम करता है। यह विनियंत्रित दवाओं की कीमतों की निगरानी भी करता है ताकि उन्हें उचित स्तर पर रखा जा सके।

# एकल उपयोग प्लास्टिक पर प्रतिबंध का पालन के लिए एक साल का समय मिले: कैट

**- जन जागरूकता आंदोलन किया जाए ताकि व्यापारियों के साथ-साथ लोगों को भी इसे पूरी तरह लागू करने के लिए समय मिल सके**

**नई दिल्ली ।**

एकल उपयोग प्लास्टिक पर प्रतिबंध के पालन में व्यापारियों के लिए कैट ने एक वर्ष का समय मांगा है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कहा है कजिन धन योजना की तर्ज पर जन जागरूकता आंदोलन किया जाए ताकि व्यापारियों के साथ-साथ लोगों को भी इसे पूरी तरह लागू करने के लिए कुछ समय मिल सके। एकल उपयोग प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने के मुद्दे कैट ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को एक पत्र भेज कर प्रतिबंध के कार्यान्वयन के लिए बाध्यकारी तरीकों के बजाय एक सुलह के दृष्टिकोण के साथ एक साल की लीन अवधि का आग्रह किया है। वहीं समुचित विकल्प करने और राष्ट्रव्यापी एक बृहद जागरूकता अभियान चलाये जाने हेतु अधिकारियों और स्टेकहोल्डर्स की एक संयुक्त समिति, निर्माण इकाइयों के लिए अपने व्यवसाय को अन्य विकल्पों में बदलने के लिए सरकार की एक नीति जिससे बेरोजगारी न फैले और मैन्युफैक्चरिंग यूनिटों के स्तर पर हर हालत में सिंगल यूज प्लास्टिक न उपयोग करने पर बाध्य जैसे क़दमों को उठाने का आग्रह भी किया है।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी.भरतिया और राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने यादव को भेजे पत्र में कहा कि चूंकि यह परिवर्तन की अवधि है इसलिए सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग कम से कम हो। इसको चरणबध्द तरीके से सुनिश्चित करने के लिए गंभीर पहल की आवश्यकता है। सरकार का काम नीति बनाना और आदेशों को लागू करना है जिससे लक्ष्य को हासिल किया जा सके लेकिन इसके लिए एक व्यापक, सहयोग और भागीदारी दृष्टिकोण को अपनाने की आवश्यकता है जिसका जिक्र बार बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सहभागी शासन के अंतर्गत किया है। भरतिया और खंडेलवाल ने यादव से आग्रह किया है कि वे संबंधित विभागों को निर्देश दें कि वे किसी भी व्यापारी या इकाई के खिलाफ कम से कम पहले वर्ष के लिए कोई कठोर कार्रवाई न करें और सभी स्टेकहोल्डर्स के सहयोग से एक प्रभावी राष्ट्रीय अभियान शुरू किया जाए को जन धन योजना अभियान की तरह एक राष्ट्रीय आंदोलन बने। कैट ने सरकारी अधिकारियों और स्टेकहोल्डर्स के प्रतिनिधियों की एक संयुक्त समिति गठित करने का सुझाव दिया है, जिसमें एकल उपयोग प्लास्टिक के लिए समान विकल्प सुझाने और विकसित करने की समयबद्ध सीमा हो ताकि बिना किसी व्यवधान के देश एकल उपयोग प्लास्टिक का उपयोग बंद कर सके। कैट ने कहा कि दुनिया भर में देशों ने देश को प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्त करने के लिए चरणबद्ध तरीका ही अपनाया है। भरतिया और खंडेलवाल ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक देश में लाखों लोगों को रोजगार देने वाला और 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक का वार्षिक कारोबार करने वाला एक बहुत बड़ा उद्योग बन गया है। सिंगल यूज प्लास्टिक उद्योग को बैंकों और वित्तीय संस्थानों ने बड़े पैमाने पर क़र्ज़ दिया हुआ है और बिना कोई समुचित एवं समान विकल्प के पूर्ण प्रतिबंध से आर्थिक एवं कारोबारी गतिविधियों पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा एवं भारी वित्तीय असर और बेरोजगारी बढ़ने की संभावना है। दोनों व्यापारी नेताओं ने इन इकाइयों को वैकल्पिक उत्पादों में बदलने या अर्थव्यवस्था से संबंधित किसी अन्य गतिविधि के लिए सरकार द्वारा एक समर्थन नीति बनाने का आग्रह किया। भरतिया और खंडेलवाल ने कहा कि व्यापारी उपभोक्ताओं और जनता के लिए पहला संपर्क बिंदु हैं इस वजह से इस प्रतिबंध का पहला असर उन पर ही होगा जबकि उत्पाद बेचने वाले व्यापारी केवल आपूर्ति श्रृंखला के जरिये लोगों की जरूरतें पूरी करते हैं। सिंगल यूज प्लास्टिक का 98 प्रे तिशत उपयोग बहुराष्ट्रीय कंपनियों, कॉर्पोरेट निर्माताओं, उत्पादकों, ई-कॉमर्स कंपनियों, वेयरहाउसिंग हब, उद्योग और अन्य प्रकार की उत्पादन इकाइयों द्वारा या तो अपनी उत्पादन लाइन या तैयार माल की पैकेजिंग में किया जाता है. व्यापारियों को निर्माता अथवा सप्लाई चेन से जो भी पैकिंग मिलती है, उसी में सामान में व्यापारी बेचते हैं. जब तक इन कंपनियों और विनिर्माण इकाइयों को उत्पादन लाइन में या तैयार माल की पैकिंग में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के लिए मजबूर नहीं किया जाता है तब तक उपभोक्ता के स्तर पर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग का अवसर हमेशा बना रहेगा.

# भारत में कल लॉन्च होगा सबसे सस्ता 5जी फोन!

### -नए 5जी स्मार्टफोन को लॉन्च करने की तैयारी

**नई दिल्ली।**

भारत में मंगलवार को सैमसंग गैलेक्सी एम13 5जी फोन लांच हो रहा जोकि सबसे सस्ता 5 फोन है। ये फोन सैमसंग के गैलेक्सी एम सीरीज के हिस्से के रूप में पेश किया जाएगा। सैमसंग इंडिया ने ट्वीट कर नए फोन की लॉन्चिंग की जानकारी दी है, और बताया गया है कि फोन को 5 जुलाई 2022 को दोपहर 12 बजे लॉन्च किया जाएगा।

हालांकि ट्वीट में फोन का नाम नहीं बताया गया है, लेकिन कई रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि इस स्मार्टफोन का नाम सैमसंग गैलेक्सी एम13 5जी होगा और ये भारत में लॉन्च किया जाने वाला अब तक का सबसे सस्ता 5जी स्मार्टफोन हो सकता है। सैमसंग इंडिया ने ट्वीट के जरिए बताया कि कंपनी 5 जुलाई को दोपहर 12 बजे गैलेक्सी एम सीरीज के तहत एक नया स्मार्टफोन लॉन्च करेगी। फिलहाल सैमसंग ने एम सीरीज के अपने इस नए स्मार्टफोन के फीचर्स या नाम को लेकर कोई जानकारी नहीं दी है। बता दें कि कंपनी भारत में गैलेक्सी एम13 के 4जी वर्जन को पहले ही लॉन्च कर चुकी है, और ऐसी उम्मीद की जा रही है कि नया सैमसंग गैलेक्सी एम13 5जी कंपनी का सबसे किफायती 5जी स्मार्टफोन होगा। इसके अलावा ये भी हिंट मिला है कि कीमत के तौर पर सैमसंग गैलेक्सी एम13 5जी स्मार्टफोन 15,000 से कम के रेंज में पेश किया जाएगा। कुछ मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस फोन को तीन कलर वेरिएंट में लॉन्च किया जाएगा, जिसमें ब्लू, ब्राउन और ग्रीन कलर शामिल हो सकते हैं। इस स्मार्टफोन में वॉटरड्राप नॉच के साथ 6.5 इंच के फुल एचडी+ स्क्रीन और IPS एलसीडी पैनल दिया जाएगा।




स्मार्टफोन में 6 जीबी रैम और 128 जीबी स्टोरेज के साथ आ सकता है। पावर के लिए सैमसंग गैलेक्सी एम13 5जी स्मार्टफोन को 5,000एमएए की बैटरी के साथ लॉन्च किया जा सकता है, जो 15डब्ल्यू के फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करेगा।अगर कैमरे की बात करें तो, फोन के बैकसाइड में डुअल कैमरा हो सकता है, जिसमें एक 50 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा और दूसरा 2 मेगापिक्सल का सेकेंडरी कैमरा होने की उम्मीद है। फोन के फ्रंट में 5 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा दिए जाने की बात सामने आई है।


## जून में पेट्रोल की बिक्री बढ़कर 28 लाख टन, डीजल की खपत भी बढ़ी



**नई दिल्ली।**

जून में भारत में पेट्रोल और डीजल की बिक्री में बढ़ोतरी देखी गई है। उद्योग के शुरुआती आंकड़ों में बताया है कि बुवाई का मौसम शुरू होने से डीजल की मांग दो अंक में बढ़ी है। इस ईंधन की बिक्री सालाना आधार पर 35.2 प्रतिशत बढ़कर जून में 73.8 लाख टन पर पहुंच गई। यह जून, 2019 की तुलना में 10.5 प्रतिशत और जून, 2020 के मुकाबले 33.3 फीसदी अधिक है। डीजल की बिक्री इस साल मई की तुलना में जून में 11.5 प्रतिशत अधिक रही। उस समय 67 लाख टन डीजल बिका था। उद्योग के सूत्रों ने डीजल की मांग में वृद्धि के बारे में कहा कि कृषि और परिवहन क्षेत्रों में अधिक खपत इसकी वजह है। सार्वजनिक क्षेत्र के ईंधन विक्रेताओं द्वारा पेट्रोल की बिक्री जून में 28 लाख टन रही जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 29 प्रतिशत अधिक है। जून, 2020 की तुलना में पेट्रोल की खपत 36.7 फीसदी और जून, 2019 की तुलना में 16.5 प्रतिशत अधिक रही है। मासिक आधार पर बिक्री 3.1 फीसदी अधिक रही है। रसोई गैस यानी एलपीजी की बिक्री जून में 0.23 प्रतिशत बढ़कर 22.6 लाख टन रही। यह जून, 2020 के मुकाबले 9.6 फीसदी और जून, 2019 की तुलना में 27.9 फीसदी अधिक है। जून, 2021 की तुलना में एलपीजी बिक्री छह प्रतिशत अधिक रही है।

## टोयोटा ने अपनी कारों की कीमत में की भारी बढ़ोतरी




***कंपनी ने टोयोटा ग्लैंजा की कीमतें 2 प्रतिशत बढ़ाई***

**मुंबई ।**

सेमीकंडक्टर चिप संकट को देखते हुए कार निर्माता कंपनियां अपनी कारों की कीमत में बढ़ोतरी कर रही है। इस सूची में टोयोटा किर्लोस्कर का नाम भी जुड़ गया है। टोयोटा ने जुलाई महीने में अपनी चुनिंदा कारों की कीमतों में इजाफा किया है। कंपनी ने टोयोटा ग्लैंजा की कीमतों में कंपनी ने 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। टोयोटा ग्लैंजा के बेस मॉडल की कीमत बढ़ोतरी होने के बाद 5.53 लाख रुपए एक्स शोरूम दिल्ली होगी। वहीं टोयोटा अर्बन क्रूजर एक कॉम्पैक्ट एसयूवी है जिसके टॉप मॉडल के लावा कंपनी ने इसके सभी वेरिएंट की कीमत में 15 हजार रुपए की बढ़ोतरी की है। टोयोटा अर्बन क्रूजर के बेस वेरिएंट की शुरुआती कीमत 9,02,500 रुपए एक्स शोरूम, दिल्ली थी जो अब बढ़कर 9,17,500 रुपए हो गई है। टोयोटा इनोवा क्रिस्टा अपनी कंपनी की बेस्ट सेलिंग एमपीवी है। इस एमपीवी के डीजल इंजन वेरिएंट की कीमतों में कंपनी ने 1 से 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है लेकिन इसके पेट्रोल इंजन वेरिएंट की कीमतें नहीं बढ़ाई गई हैं।

टोयोटा फॉर्च्यूनर की कीमतों में कंपनी ने सबसे ज्यादा बढ़ोतरी की है। इसके पेट्रोल इंजन वेरिएंट पर कंपनी ने 61 हजार रुपए की बढ़ोतरी की है लेकिन इसके डीजल वेरिएंट पर कंपनी 1.14 लाख रुपए तक की बढ़ोतरी की है।

टोयोटा द्वारा अपनी चुनिंदा कारों की कीमतों में की गई वृद्धि के चलते इन कारों की कीमत देश के अलग अलग राज्यों में अलग अलग हो सकती है इसलिए किसी भी कार को खरीदने से पहले कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर या अपने नजदीकी टोयोटा डीलरशिप पर जाकर पूरी जानकारी लें।

## जून में ओला इलेक्ट्रिक बिक्री के मामले में चौथे नंबर पर



**नई दिल्ली ।**

देश की प्रमुख इलेक्ट्रिक स्कूटर निर्माता ओला इलेक्ट्रिक को बड़ा झटका लगा है। इलेक्ट्रिक स्कूटर में आग की घटनाओं के बीच कंपनी इलेक्ट्रिक स्कूटरों की बिक्री के मामले में चौथे स्थान पर पहुंच गई है। कुछ दिन पहले कई कंपनियों के इलेक्ट्रिक स्कटूरों में आग लगने का मामला सामने आया था।

इसके बाद ओला समेत कुछ कंपनियों ने अपने स्कूटर रिकॉल किए थे। 30 जून तक ओला इलेक्ट्रिक के 5,869 इलेक्ट्रिक स्कूटरों का रजिस्ट्रेशन दर्ज किया गया था, लेकिन इससे ज्यादा ओकिनावा ऑटोटेक के स्कूटरों रजिस्ट्रेशन हुए। इनकी संख्या 6,976 यूनिट थी। इसके बाद दूसरे नंबर पर एम्पीयर व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड था। वहीं तीसरे नंबर पर हीरो इलेक्ट्रिक का कब्जा रहा। एथर एनर्जी और रिवोल्ट की बिक्री में भी इजाफा हुआ। ओला इलेक्ट्रिक अप्रैल में देश की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर कंपनी थी तब से इसकी स्थिति में लगातार गिरावट हुई है। ओला की रजिस्ट्रेशन संख्या 30 मई की तुलना में 30 जून को 30 प्रतिशत से अधिक गिर गई। ओकिनावा ने मई में 9,302 इलेक्ट्रिक स्कूटर बेचे थे और ओला इलेक्ट्रिक ने एस1 प्रो इलेक्ट्रिक स्कूटर की 9,225 यूनिट्स की डिलीवरी की थी। ओला इलेक्ट्रिक के अनुसार वे सप्लाई चैन की समस्याओं से जूझ रहे हैं। इस वजह से जून में बिक्री कम रही। ओला इलेक्ट्रिक ने कहा कि हम अपनी कस्टमर सर्विस को बेहतर बनाने पर फोकस करने के लिए महीने के लिए अपनी व्यावसायिक प्राथमिकता को कैलिब्रेट किया और अपने टीएटी (टर्नअराउंड टाइम) को 48 घंटों के भीतर लाया। हमें विश्वास है कि जुलाई में आपूर्ति के मुद्दे मिटने लगेंगे और हमारी मजबूत ऑर्डर बुक पूरी हो जाएगी।




# अमेरिका की सीनियर महिला और अंडर-19 टीम के मुख्य कोच बने चंद्रपॉल

**लॉस एंजिलिस ।**

वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर शिवनारायण चंद्रपॉल को अमेरिका की सीनियर महिला और अंडर-19 टीम का मुख्य कोच बनाया गया है। क्रिकेट अमेरिका ने अपने एक बयान में कहा, हमें यह घोषणा करने की खुशी है कि भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद चंद्रपॉल को राष्ट्रीय महिला और अंडर-19 टीम का मुख्य कोच बनाया गया है। हमें उम्मीद है कि चंद्रपाल के मार्गदर्शन में अंडर-19 महिला टीम त्रिनिदाद एवं टोबैगो में पांच से 13 जुलाई तक होने वाले क्रिकेट वेस्टइंडीज अंडर-19 राइजिंग स्टार टी20 चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करेगी। चंद्रपाल ने साल 2023 के अंत तक डेढ़ साल के लिए करार किया है। चंद्रपाल ने कहा, अमेरिका की राष्ट्रीय महिला टीम और महिला अंडर-19 टीम का मुख्य कोच नियुक्त होने से मैं काफी उत्साहित हूं। चंद्रपॉल वर्तमान में कैरेबियन प्रीमियर लीग के 2022 सीजन के लिए जमैका तलावाज के मुख्य कोच भी हैं और हाल ही में, क्रिकेट वेस्टइंडीज अंडर 19 पुरुषों की टीम के बल्लेबाजी सलाहकार के रूप में भी उन्होंने काम किया है।

# सानिया-पाविच की जोड़ी विंबलडन टेनिस के मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में पहुंची



**विंबलडन ।**

भारत की महिला टेनिस स्टार सानिया मिर्जा और उनके क्रोएशिया जोड़ीदार मैट पाविच की जोड़ी विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। सानिया और पाविच की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी को दूसरे दौर के मैच में इवान डोडिग और लतीशा चान की जोड़ी से वॉकओवर मिला। सानिया और पाविच ने इस टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में स्पेन के डेविड वेगा हर्नांडेज और जॉर्जिया की नतेला जालामिइजे की जोड़ी को 6-4, 3-6, 7-6 से हराया था। अब क्वार्टर फाइनल में सानिया और पाविच की इस जोड़ी का मुकाबला ब्रूनो सोरेस और बीट्रिज हद्दाद मैया की ब्राजीलियाई जोड़ी या जॉन पीयर और गैब्रिएला डाब्रोवस्की की ऑस्ट्रेलियाई-कनाडाई जोड़ी से होगा। सानिया के करियर का यह अंतिम सत्र है, इसलिए वह इसमें जीत दर्ज करना चाहेंगी क्योंकि महिला युगल में वह चेक गणराज्य की जोड़ीदार लूसी हरडेका के साथ शुरुआती दौर में ही हार गई थीं। वहीं एक अन्य पुरुष एकल मुकाबले में कैम नॉरी ने प्री-क्वार्टर फाइनल में टॉमी पॉल को सीधे सेटों में हराया। वह एंडी मरे के बाद पिछले 5 साल में इस टूर्नामेंट के अंतिम आठ में पहुंचने वाले ब्रिटेन के पहले खिलाड़ी बने हैं। नौवीं वरीयता प्राप्त नॉरी ने 6-4, 7-5, 6-4 से जीत दर्ज की थी। यह पहली बार है, जब वह किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के तीसरे दौर से आगे बढ़े हैं। अब सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए उन्हें बेल्जियम के डेविड गोफिन को हराना होगा। गोफिन ने इससे पहले 5 सेट तक चले एक मुकाबले में फ्रांसिस टियाफो को हराया था। वह दूसरी बार विम्बलडन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। उन्होंने 4 घंटे 36 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 7-6, 5-7, 5-7, 6-4, 7-5 से जीत मिली।

एक अन्य मुकाबले में पहली बार विम्बलडन में शामिल निमियर ने स्थानीय खिलाड़ी हीथर वॉटसन को 6-2, 6-4 से हराया।

# विम्बलडन: जोकोविच ने 25वीं जीत दर्ज कर रॉड लेवर की बराबरी की




**लंदन ।** विश्व के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच विम्बलडन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गये हैं। जोकोविच ने चौथे दौर के मुकाबले में नीदरलैंड के टिम वैन रिजथोवेन को 6-2, 4-6, 6-1, 6-2 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी। सर्बियाई खिलाड़ी की यह ग्रास कार्ट पर लगातार 25वीं जीत थी। इसी के साथ ही जोकोविच ने रॉड लेवर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। वहीं पहला स्थान अब भी स्विटजरलैंड के रोजर फेडरर के नाम है जिन्होंने 2003-08 के बीच लगातार 65 ग्रास कोर्ट मुकाबले जीते थे। अब क्वार्टरफाइनल में जोकोविच का मुकाबला जैनिक सिनर से होगा।

जोकोविच ने मैच के बाद कहा, 'मुझे पहले से ही पता था कि रिजथोवेन के खिलाफ मुकाबला कठिन है। मैंने इससे पहले उनका सामना कभी नहीं किया। ग्रास कोर्ट के लिए उनका खेलने का तरीका बहुत अच्छा है जो आज उन्होंने दिखा भी दिया।' उन्होंने कहा, 'कुल मिलाकर मुझे लगता है कि मैं अच्छा खेला। मैं उनकी सर्विस लय में आ गया, तीसरे और चौथे सेट में उनकी सर्विस को बेहतर तरीके से पढ़ना शुरू किया।' तीन बार के विम्बलडन चैंपियन जोकोविच ग्रास पर लगातार 25 मुकाबले जीतकर सबसे ज्यादा लगातार मैच जीतने के मामले में दूसरे स्थान पर हैं।



## पहली बार विम्बलडन क्वार्टर फाइनल में पहुंची मारिया

**विम्बलडन ।** जर्मनी की तात्याना मारिया ने 34 साल की उम्र में विम्बलडन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। तात्याना ने दूसरे सेट में दो मैच अंक बचाए और साल 2017 की फ्रेंच ओपन चैंपियन लात्विया की येलेना ओस्टापेंको को हराकर पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। विश्व रैंकिंग में 103वें स्थान पर कायम मारिया ने महिला एकल के करीबी मुकाबले में 5-7, 7-5, 7-5 से जीत दर्ज की। मारिया ने ओस्टापेंको के खिलाफ दूसरे सेट में 5-4 से पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी करते हुए दो मैच अंक बचाये ओर सेट अपने नाम किया। अब अगले दौर में मारिया का मुकाबला अपनी ही हमवतन ज्यूल निमियर से होगा। वहीं पहली बार विम्बलडन में भाग ले रही निमियर ने स्थानीय खिलाड़ी हीथर वॉटसन को 6-2, 6-4 से हराया था।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दूसरे एकदिवसीय में श्रीलंका को दस विकेट से हराया

**पल्लीकेल ।**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने यहां खेले गये दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में मेजबान श्रीलंकाई टीम को दस विकेट से हरा दिया। इस मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर मेजबान श्रीलंकाई टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। श्रीलंकाई टीम निर्धारित 50 ओवरों में 173 रनों पर आउट हुई। इसके बाद जीत के लिए मिले 174 रनों के लक्ष्य को भारतीय टीम ने बिना किसी नुकसान के ही 25 ओवर और चार गेंदों में हासिल कर लिया। इस प्रकार भारतीय टीम को सीरीज में 2-0 की बढ़त मिल गयी है।




इस मैच में श्रीलंकाई टीम ने पहले बल्लेबाजी की थी पर उसकी शुरूआत अच्छी नहीं रही। भारत की युवा तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने शुरूआती ओवरों में ही तीन विकेट लेकर श्रीलंकाई बल्लेबाजी को ढ़हा दिया। इसके बाद कप्तान चमारी अट्टापट्टू ने 27 और संजीवनी ने 25 रन बनाकर पारी को संभालने का प्रयास किया। इन दोनो के आउट होने के बाद डीसिल्वा और अमा कंचना ने अच्छी बल्लेबाजी की। डीसिल्वा ने 32, कंचना ने 47 रन बनाए और टीम को 173 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। भारत की ओर से रेणुका ने 28 रन देकर 4 विकेट लिए जबकि मेघना सिंह ने 43 रन देकर दो खिलाड़ियों को आउट किया। वहीं इसी प्रकार दीप्ति शर्मा ने 30 रन देकर 2 विकेट लिए। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम इंडिया की आक्रामक शुरूआत रही। शैफाली और मंधाना ने अपनी आक्रामक पारी से टीम को आसानी से जीत दिला दी।

## संक्षिप्त समाचार



### गोपीचंद को राष्ट्रमंडल खेलों में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

**कोलकाता ।** भारतीय बैडमिंटन टीम के मुख्य राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद को उम्मीद है कि उनकी टीम 28 जुलाई से शुरु हो रहे राष्ट्रमंडल खेलों में बेहतर प्रदर्शन करेगी। गोपीचंद के अनुसार भारतीय टीम पुरुष एकल में स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही युगल स्पर्धा में अपने रिकॉर्ड को बेहतर बनाने में सफल रहेगी। इससे पहले साल 2018 सत्र के राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक जीता था। तब किदांबी श्रीकांत और चिराग शेट्टी एवं सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी गोल्ड कोस्ट में दूसरे स्थान पर रही थी। गोपीचंद के अनुसार जिस प्रकार टीम ने इस बार थॉमस कप जीता है उससे उम्मीद है कि वह राष्ट्रमंडल खेलों में भी स्वर्ण पदक अपने नाम करेगी। गोपी के अनुसार हमने इससे पहले पुरुष वर्ग में हमारी टीम इतनी अच्छी नहीं थी। उन्होंने कहा कि टीम ने थॉमस कप में जिस तरह का प्रदर्शन किया है उससे खिलाड़ी बेहतर उत्साहित होने के साथ ही उम्मीद से भी भरे हुए हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि कि हम पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। पिछली बार हमने दो स्वर्ण पदक जीते थे।

### अभी भारतीय फुटबॉल टीम के साथ जुड़े रहना चाहते हैं कोच स्टिमक

**नई दिल्ली ।** भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक अभी टीम के साथ जुड़े रहना चाहते हैं हालांकि उनका कार्यकाल सितंबर में समाप्त हो रहा है। ऐसे में माना जा रहा है कि वह कार्यकाल आगे बढ़ाने का अनुरोध करेंगे। स्टिमक ने कहा कि अभी मेरा काम पूरा नहीं हुआ है , इसलिए मैं टीम के साथ आगे भी बना रहना चाहता हूं। कोच ने कुछ संस्थाओं पर भी निशाना साधा है। कोच स्टिमक ने कहा है इन लोगों ने राष्ट्रीय टीम के स्तर को बढ़ाने की जगह अपनी योजनाओं पर ही ध्यान दिया है। कोच ने इससे पहले अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की भी आलोचना की थी। स्टिमक ने कहा, ''जब मैं मई 2019 में कोच नियुक्त किया गया था तो मुझे लगा कि सभी का ध्यान भारतीय फुटबॉल पर रहेगा पर ऐसा हुआ नहीं।'' उन्होंने कहा, ''मैं सभी से राष्ट्रीय टीम के स्तर को ऊंचा करने के लिये मदद की उम्मीद कर रहा था पर कुछ पक्षों ने अपनी योजनाओं पर ही ध्यान दिया जिससे मुझे हैरानी हुई , हालांकि उन्होंने किस का नाम नहीं लिया।'' उनका भारतीय टीम के साथ करार इसी दो माह बाद सितंबर में समाप्त हो रहा है। स्टिमक ने इसके अलावा बार बार खिलाड़ियों की अंतरराष्ट्रीय मैचों के दौरान राष्ट्रीय टीम के लिए उपलब्धता पर जोर दिया। इसके साथ ही क्लबों द्वारा खिलाड़ियों को 'रिलीज' नहीं करने को लेकर भी अपने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने जोर देकर कहा, ''केवल राष्ट्रीय टीम का प्रदर्शन ही भारतीय फुटबॉल को ऊपर ले जा सकता है, इंडियन सुपर लीग नहीं।''

# बेयरस्टो इस साल सबसे ज्यादा शतक लगाने बल्लेबाजों में नंबर एक पर पहुंचे

## भारत के लिए ऋषभ ओर जडेजा ने लगाये सबसे ज्यादा शतक




**लंदन ।**

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के आक्रमक बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो आजकल शानदार लय में हैं। बेयरस्टो ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के बाद भारतीय टीम के खिलाफ भी अब शानदार प्रदर्शन किया है। इस बल्लेबाज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के आखिरी 2 मुकाबलों में लगातार 2 शतक लगाये थे। उसके बाद भारत के खिलाफ भी उन्होंने एक शानदार शतक लगाया है। इसके साथ ही बेयरस्टो साल 2022 में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में ऑस्ट्रलियाई सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा और अपने ही देश के खिलाड़ी जो रूट को पीछे छोड़ते हुए नंबर एक स्थान पर पहुंच गये हैं। ख्वाजा और रूट ने इस साल अबतक 4-4 शतक लगाए थे जबकि बेयरस्टो के शतकों की संख्या 5 हो गयी है।

इसके अलावा इस साल टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में भी वह शीर्ष पर पहुंच गये हैं। बेयरस्टो ने इसी के साथ ही सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में ऑस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा को पीछे छोड़ दिया है। ख्वाजा ने इस साल ऑस्ट्रेलिया की ओर से 6 मैच खेलते हुए 11 पारियों में 117.42 की औसत से 822 रन बनाए हैं। वहीं बेयरस्टो ने 6 मैच खेलते हुए 15 पारियों में 67.69 की औसत से 880 रन बनाये हैं। इसके पांच शतक और एक अर्द्धशतक शामिल है। वहीं भारतीय टीम के लिए इस साल सबसे ज्यादा शतक लगाने वालों में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा पहले नंबर पर हैं। इन दोनों ही खिलाड़ियों ने इस साल अबतक 505 और 305 रन बनाते हुए 2-2 शतक लगाए हैं। ऋषभ इस साल सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में नौवें पर स्थित हैं।

## स्वान ने विराट का बचाव किया

**लंदन ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली के खराब प्रदर्शन का दौर जारी है। इंग्लैंड के खिलाफ यहां जारी एकमात्र क्रिकेट टेस्ट मैच में भी विराट दोनो पारियों में रन नहीं बना पाये हैं। पहली और दूसरी पारी में वह 11 और 20 रन ही बना पाये हैं। ऐसे में जहां उनकी आलोचना हो रही है। वहीं इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर ग्रीम स्वान विराट के बचाव में उतरे हैं। स्वान के अनुसार बेन स्टोक्स की जिस गेंद पर विराट आउट हुए हैं उसपर कोई भी बल्लेबाज आउट हो सकता था। स्वान के अनुसार अच्छी शुरुआत के बाद भी बड़ी पारी खेलने में विफल होने के कारण उनके ऊपर सवाल नहीं उठाये जा सकते। साथ ही कहा कि कोहली दूसरी पारी में अच्छे लय में नजर आ रहे थे। उन्होंने 20 रनों की पारी में कुछ अच्छे शॉट लगाए थे हालांकि वह , स्टोक्स की एक अच्छी गेंद को ठीक से समझ नहीं पाये और अपना विकेट गंवा बैठे। इस पूर्व स्पिनर के अनुसार कई बार भारतीय कमेंटेटर कोहली के खिलाफ काफी कठोर हो जाते हैं। उन्होंने कहा, 'आप कह सकते हैं, जो आप चाहते हैं। मेरा मानना है कि टेस्ट इतिहास के आप किसी भी दौर में अगर बल्लेबाजी कर रहे हैं और इस डिलीवरी से बच जाते हैं, तो आप बहुत ही भाग्यशाली हैं। यह गेंद खेलने योग्य नहीं है और अंत में यह एक भाग्यशाली कैच है जिससे विराट आउट हुए।'




## महिला हॉकी विश्व कप : भारत-इंग्लैंड मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा

**एम्सटेलवीन ।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने यहां एफआईएच विश्व कप के पूल बी के अपने शुरुआती मैच में इंग्लैंड को 1-1 से बराबरी पर ही रोक दिया। इस मैच में इंग्लैंड की ओर से नौवें मिनट में ही इसाबेला पेटर ने एक गोल कर बढ़त हासिल की। इसके बाद वंदना कटारिया ने 28वें मिनट में एक गोल कर भारतीय टीम को बराबरी पर ला दिया। पहले दो क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। भारत को पहले ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला पर टीम उसे गोल में नहीं बदल पायी। इसके बाद विरोधी टीम इंग्लैंड की इसाबेला ने गोल करके अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलायी। भारतीय टीम ने इसके बाद बराबरी के प्रयास शुरु कर दिये इसी दौरान उसे दो पेनल्टी कॉर्नर मिले पर टीम उन्हें गोल में नहीं बदल पायी। भारतीय टीम को 17वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला पर गुरजीत उसे गोल में बदल नहीं पायी। भारत को 28वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस बार वंदना ने रिबाउंड पर गोल करने में कोई गलती नहीं करते हुए स्कोर 1-1 से बराबरी पर ला दिया। कर दिया। भारत को मध्यांतर से ठीक पहले एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला पर टीम उसे गोल में नहीं बदल पायी। तीसरे क्वार्टर में इंग्लैंड ने तेज शुरुआत की पर वह गोल नहीं कर पायी। चौथे और अंतिम क्वार्टर में भी दोनों टीम के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। भारत को 56वें और 58 वें मिनट में दो पैनाल्टी कार्नर मिले पर टीम उनपर गोल नहीं कर पायी। इस प्रकार मुकाबला बराबरी पर रहने से दोनो ही दोनो ही टीमों को एक-एक अंक मिला।

# पॉवेल और ब्रेंडन किंग के शानदार प्रदर्शन से वेस्टइंडीज जीता

**किंग्सटन ।**

रोवमैन पॉवेल और ब्रेंडन किंग की शानदार बल्लेबाजी से वेस्टइंडीज ने दूसरे टी20 क्रिकेट मुकाबले में मेहमान टीम बांग्लादेश को 35 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ ही तीन मैचों की इस सीरीज में वेस्टइंडीज को 1-0 की बढ़त मिल गयी है। इस सीरीज का पहला टी20 मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए मेजबान वेस्टइंडीज टीम ने पॉवेल और किंग के अर्धशतकों से 5 विकेट पर 193 रन बनाये। इसके बाद मिले लक्ष्य का पीछा करते हुए मेजबान बांग्लादेश की टीम 6 विकेट पर 158 रन ही बना पायी। बांग्लादेश की ओर से ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने नाबाद अर्धशतक लगाया पर वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये। वेस्टइंडीज की ओर से ओबेड मैकॉय और रोमारियो शेफर्ड ने 2-2 विकेट लिए।

इस मैच टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने शुरुआत में ही दो विकेट खो दिये। सलामी बल्लेबाज काइल मेयर्स 17 और शेमराह ब्रुक्स शून्य पर ही पेवेलियन लौट गये। इसके बाद ब्रेंडन और पूरन ने दूसरे विकेट के लिए 74 रन बनाकर टीम को संभाला। पूरन 30 गेंद पर 34 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। किंग ने 43 गेंद पर 57 रन बनाए। वहीं नंबर-5 पर बल्लेबाजी करने उतरे रोवमैन पॉवेल ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया। उन्होंने चौथे विकेट के लिए किंग के साथ अर्धशतकीय साझेदारी बनायी। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की टीम की



शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसने 23 रन पर 3 विकेट गंवा दिए थे। अनामुल हक 3, लिटन दास 5 और कप्तान महमूदुल्लाह केवल 11 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। इसके बाद शाकिब और अफीफ हुसैन ने साझेदारी बनाकर टीम को संभालने का प्रयास किया। अफीफ ने 27 गेंद पर 34 रन बनाए पर तब तक काफी देर हो गयी थी। शाकिब ने 52 गेंद पर 68 रन बनाकर अपनी ओर से अंतिम प्रयास किया पर वह टीम को हार से नहीं बचा पाये।




सिल्वरस्टोन में फार्मुला वन रेस में हादसे का शिकार हुए अल्फा रोमियो के चालक झोउ गवानयू।

क्रांति समय मंगलवार 05-जुलाई-2022

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# घर की सीढ़ियों को प्लांट्स की मदद से कुछ इस तरह करें डेकोरेट हरा-भरा लगेगा घर



**आज के समय में हर व्यक्ति अपने घर में प्लांट्स को जगह देने लगा है। भले ही उसका घर स्पेशियस हो या फिर छोटा, यह प्लांट्स किसी भी घर को बेहद खूबसूरत बनाते हैं। इतना ही नहीं, अमूमन लोग अपनी सुविधा व स्पेस को देखते हुए हैंगिंग गार्डनिंग से लेकर बालकनी व टेरेस में भी गार्डनिंग करना काफी पसंद करते हैं। लेकिन घर का एक एरिया ऐसा भी है, जहां पर अगर प्लांट्स लगाए जाएं तो पूरे घर का मेकओवर हो सकता है और फिर इसके बाद आपको अलग से किसी अन्य एरिया में प्लांट्स लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।**

यह एरिया है आपकी सीढ़ियां। घर की सीढ़ियों को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, लेकिन वास्तव में यही सीढ़ियां आपके पूरे घर का लुक बदल सकती हैं। अगर आप इन्हें एक नेचुरल व ब्यूटीफुल टच देना चाहती हैं तो वहां पर गार्डनिंग करना एक अच्छा आईडिया है। आप सीढ़ियों पर उन प्लांट्स को लगाएं, जिन्हें सीधी धूप या बहुत अधिक रख-रखाव की आवश्यकता ना हो। तो चलिए आज इस लेख में हम जानते हैं कि आप अपने घर में सीढ़ियों को प्लांट्स की मदद से किस तरह और भी अधिक खूबसूरत बना सकती हैं-

## वर्टिकल गार्डनिंग

जब सीढ़ियों पर प्लांटिंग करने की बात हो तो ऐसे में वर्टिकल गार्डनिंग करना एक अच्छा आईडिया है। यह वास्तव में काफी कम स्पेस लेता है, लेकिन इस तरह आप अपनी सीढ़ियों के एरिया को पूरी तरह से ट्रांसफॉर्म कर सकती हैं। आप कोशिश करें कि सीढ़ियों की एक साइड की दीवार पर आप वर्टिकल गार्डनिंग के लिए स्टैंड को हैंग करें और उसमें बेहद ही खूबसूरत स्मॉल साइज के पौधे लगाएं। यह देखने में बेहद ही ब्यूटीफुल लगेगा।

## यूं दें एलीगेंट लुक

अगर आप अपनी सीढ़ियों को एक बेहद ही एलीगेंट तरीके से सजाना चाहती हैं तो आप पॉटेड प्लांट्स को सीढ़ियों पर रखें। खासतौर से, अगर आपकी सीढ़िया वुडन की हैं तो आप कॉन्ट्रास्टिंग कलर के एक बिग साइज पॉट को सीढ़ी पर रख सकती हैं। हालांकि, अगर आप ऐसे अपनी सीढ़ियों को सजा रही हैं तो अन्य पॉट्स को घर के किसी दूसरे कोने में प्लेस करें।

## स्नेकप्लांट्स लगेंगे बेहद खूबसूरत

यह भी एक तरीका है सीढ़ियों को सजाने का। इसके लिए आप कई पॉट्स में केवल स्नेकप्लांट्स ही लगाएं। अब आप इन पॉट्स को अपनी हर सीढ़ी के उपर रखती जाएं। यह ना केवल देखने में अच्छे लगते हैं, बल्कि आपके घर की हवा को भी नेचुरली प्यूरिफाई करने में मदद करते हैं। इसके बाद आपको अलग से एयर प्यूरिफायर खरीदने की जरूरत महसूस नहीं होगी।

## रेलिंग पर करें फोकस

जब आप सीढ़ियों पर गार्डनिंग कर रही हैं तो सिर्फ उसकी साइड की दीवार या स्टेप्स के साथ ही आप क्रिएटिव नहीं हो सकतीं, बल्कि रेलिंग का लुक भी बदल सकती हैं। आप मनी प्लांट्स से लेकर अन्य कई प्लांट्स को रेलिंग पर लगा सकती हैं। हालांकि, आप रेलिंग के लिए ऐसे प्लांट्स को चुनें, जिनकी लताएं नीचे की ओर बढ़ती जाएं, ताकि यह आपकी पूरी रेलिंग को कवर कर सकें और देखने में भी खूबसूरत लगे।

## सीढ़ियों के नीचे का स्पेस

अगर आपकी सीढ़िया घर में कुछ इस तरह बनी हुई हैं कि उनके नीचे आपके पास काफी सारा स्पेस बचता है, तो वहां पर भी प्लांटिंग करना अच्छा आईडिया है। अगर आप चाहें तो इस एरिया में एक मिनी गार्डन तैयार कर सकती हैं। आप यहां पर तरह-तरह के खूबसूरत प्लांट्स रख सकती हैं। साथ ही कुछ पेबल्स व लाइटिंग के जरिए इस लुक को और भी खास बनाएं। यकीन मानिए, इस एरिया में जब आप कुछ फुरसत के पल बिताएंगी, तो आपको बेहद ही अच्छा लगेगा।





# ...अगर आपका बच्चा भी करता है बिस्तर गीला

**कई बार बच्चे 1 साल से बड़े होने के बाद भी बिस्तर पर ही पेशाब कर देते है। अक्स पेरेंट्स बच्चे की इस आदत को लेकर परेशान रहते है लेकिन बच्चे का बार-बार ऐसा करना किसी परेशानी के कारण भी हो सकता है। कई बार तो बच्चे रात में डर के कारण बिस्तर गीला कर देते है लेकिन इसके अलावा बच्चे यूरिन इंफेक्शन, तनाव, पुरानी कब्ज या असंतुलित हार्मोन के कारण ऐसा करते है।**

अगर आपका बच्चा भी ऐसा कर रहा है तो इससे आपको परेशान होने की जरुरत नहीं। इस समस्या को आप कुछ असरदार घरेलू नुस्खे से दूर कर सकते हैं। आइए जानते है किन उपायों द्वारा बच्चे की इस परेशानी को दूर किया जा सकता है।

### बच्चों को बार-बार यूरिन आने के कारण

- ब्लैडर में इंफेक्शन
- ब्लड शुगर के कारण
- प्रॉस्टेट ग्रंथि में यूरिन का बढ़ना
- ज्यादा कॉफी या चाय का सेवन
- पेट में कीड़े की समस्या
- मूत्राशय में पेशाब जमा करने की क्षमता कम होना

### इसके घरेलू उपचार

**अखरोट**

2 अखरोट और 20 किशमिश को पीसकर चूर्ण बना लें। 3 हफ्ते तक बच्चे को इसका सेवन कराने से यह समस्या दूर हो जाएगी।

**पिस्ता**

5 काली मिर्च, 3 पिस्ता और मिनका पीस लें। दिन में दो बार बच्चे को यह चूर्ण खिलाने से उसकी यह परेशानी दूर हो जाएगी।



**काले तिल**

50 ग्राम काले तिल, 25 ग्राम अजवाइन और 100 ग्राम गुड़ को मिलाकर 8-8 ग्राम के लड्डू बना लें। बच्चे को रोजाना सुबह-शाम 1 लड्डू खिलाने से उसकी पेशाब की बीमारी ठीक हो जाएगी।

**शहद का सेवन**

रोजाना रात को सोने से पहले बच्चे को नियमित रूप से शहद चटा दें। कुख हफ्तों में ही बच्चे को बार-बार यूरिन आने की परेशानी से छुटकारा मिल जाएगा।

**अजवाइन**

1 चम्मच अजवाइन में नमक मिलाकर बच्चें को गर्म पानी से सात खिला दें। दिन में 2 बार इसका सेवन बार-बार यूरिन आने की समस्या से निजात दिलाता है।



# जुड़वां बच्चे होने पर दिखते हैं ये लक्षण!

**प्रैग्नेंसी हर महिला की जिंदगी का सबसे अहम पल होता हैं। जब किसी औरत को मां बनने की खुशी मिलती है तो उसके साथ पूरा परिवार खुश हो उठता है। हर औरत के मन में सबसे पहला सवाल उठता है कि उसका होने वाला बच्चा कैसा होगा, वहीं अगर गर्भ में जुड़वां बच्चों के पलने की खबर मिल जाए तो खुशी दोगुणा बढ़ जाती है। जुड़वा बच्चों के होने पर गर्भवती महिला के शरीर में कुछ लक्षण दिखाई देते है, जिनके बारे में अक्सर महिलाओं को नहीं पता होता। आज हम आपको उन्ही लक्षणों के बारे में बताने जा रहे है, जिनसे पता जलता है कि गर्भ में जुड़वा बच्चे पल रहे है।**

### मॉर्निंग सिकनेस

गर्भवती महिला को मॉर्निंग सिक्नेस रहना भी एक संकेत हो सकता है। 50 प्रतिशत से अधिक महिलाओं को गर्भावस्था के प्रारंभिक चरण में ही मतली और जी मिचलाना महसूस हो सकती है। जिन गर्भवती महिलाओं को जुड़वा बेबी होने वाले होते है उन्होंने बाकी गर्भवती महिलाओं की तुलना में अधिक मार्निंग सिक्नेस रहती है।

### ब्लीडिंग और स्पॉटिंग

जिस महिला को जुड़वा होने वाली होती है, उन्हें स्पॉटिंग और ब्लीडिंग अधिक होती है। यदि ब्लीडिंग के साथ बुखार और लाल खून के धब्बे पड़ रहे है तो इसमें डरने की कोई बात नहीं है क्योंकि यह जुड़वा बच्चों की निशानी हो सकती है।

### वजन बढ़ना

अगर वजन सामान्य गर्भावस्था की तुलना से अधिक है तो भी जुड़वां बच्चे होने का संकेत हो सकता है। एक औसत गर्भावस्था में सामान्य वजन 25 पाउंड होता है, जबकि जुड़वां गर्भावस्था में वजन 30 से 35 पुंड के बीच होता है।

### अधिक भूख लगना

जुड़वां बेबी होने पर गर्भवती महिला को अधिक भूख लगती है। इसलिए जब आपको साथ भी ऐसा हो तो एक बार डॉक्टर से सलाह जरूर लें क्योंकि यह कोई और बात भी हो सकती है।

### पेट में दर्द होना

जुड़वां गर्भवती महिला के सामान्य से ज्यादा पेट में दर्द रहने लगता है यह दर्द शरीर को अधिक वजन होने के कारण भी हो सकता है। इसलिए इस बात के बारे में एक बार डॉक्टर से जरूर बात करें।





# बच्चे को घर की बनी चीजें खाने की आदत डालें

बच्चे और हैल्दी फूड तो मानों एक दूसरे से मेल ही नहीं खाते लेकिन बच्चों के विकास के लिए संतुलित भोजन बहुत जरूरी है। इससे न सिर्फ शारीरिक विकास होता है बल्कि भविष्य के लिए भी खाने की अच्छी आदतें फायदेमंद साबित होती हैं। जंक फूड, पिज्जा, बर्गर, चिप्स आदि बच्चे बहुत चाव से खाते हैं लेकिन खाने में ये टेस्टी तो होते हैं लेकिन सेहत को फायदे की जगह नुकसान पहुंचाने का काम करते हैं। जो आने वाले समय में मोटापा, डायबिटिज, हाई बीपी, स्ट्रोक, दिल की बीमारियां आदि होने का कारण बनते हैं। शुरू से ही अगर बच्चे को घर की बनी चीजें खाने की आदत डाल दी जाए तो उसके लिए बहुत अच्छा होगा।

### बताएं हैल्दी चीजों का महत्व

बच्चे में अनुशासन, पढ़ाई के साथ-साथ खाने की अच्छी आदतों का होना भी बहुत जरूरी है। उन्हें बताएं कि घर का बना खाना खाना आपके लिए कितना अच्छा है। बाहर का खाना न तो हैल्दी होता है और न ही साफ-सुथरा। कभी-कभी बच्चों को उनकी पसंद का खाना घर पर ही बना कर खिलाएं।

### एक जगह बिठा कर करवाएं भोजन

ज्यादातर बच्चों को खाना खाते समय घूमने की आदत होती है जो एक गलत आदत है। बच्चे को रोजाना एक ही जगह पर बिठा कर खाना खिलाएं और बार-बार की बजाए एक ही बार में खाना खाने को कहें लेकिन जबरदस्ती न करें।

### टेस्ट में करें बदलाव

एक ही तरह का खाना खाकर बच्चे बोर हो जाते हैं, खाना का टेस्ट बरकरार रखने के लिए उनके डाइट प्लान में कभी स्नैक्स, जूस, सूप, फ्रूट सलाद आदि के साथ खाने में ट्विस्ट लाएं।

# कामकाजी महिला हैं तो इस तरह रहें बच्चे के करीब

**औरतों को घर और ऑफिस के काम एक साथ संभालने का हुनर बहुत अच्छी तरह से आता है। कई बार समय की कमी के कारण वह अपने बच्चों को उतना समय नहीं दे पाती, जितना कि उसके बच्चों को मां के साथ की जरूरत होती है।**

बच्चों के साथ समय बिताकर आप उनके दिल की बातों को अच्छी तरह से जान सकते हैं लेकिन आप भी काम के तनाव की वजह से परेशान हैं और बच्चों के कटी-कटी रहती हैं तो कुछ स्मार्ट टिप्स आपके काम आ सकते हैं जो बच्चे के साथ आपके रिश्तों के पहले से भी ज्यादा मजबूत बना देंगे।

### बच्चों से करें दिनभर की बातें

रात को आपके पास परिवार के साथ समय बिताने के सबसे अच्छा बहाना होता है। डिनर के समय पति और बच्चों के साथ ही खाना खाएं। दिन भर की बातें परिवार के साथ शेयर करें और उनकी बातें सुनें। इससे बच्चों का आपके साथ प्यार बढ़ेगा और वह आपसे बातें करने के लिए बेताब रहेगा।

### काम में लें बच्चों की मदद

बच्चे तब बहुत खुश होते हैं जब आप उनसे किसी बात के लिए मदद मांगते हैं। कभी-कभी प्यार से बच्चे को आपकी मदद करने के लिए कहें जैसे खाना बनकर तैयार है तो उसे डाइनिंग टेबल सजाने के लिए कह सकते हैं। उसकी पसंद की डिश बना रही हैं तो उससे परोसने के लिए मदद ली जा सकती है।

### मस्ती भी जरूरी

बच्चों के करीब आने के लिए उनके साथ कभी-कभी खुद भी बच्चे बनना पड़ता है। आप परिवार के साथ कुछ ऐसे गेम्स खेल सकते हैं जिसे बच्चे पूरी तरह से एंज्वाय भी करें और उन्हें कुछ सीखने के लिए भी मिले। जैसे हॉट सीट, पर्ची पर सारे सदस्यों का नाम लिखें, जिसके नाम की पर्ची निकले वह हॉट सीट पर बैठे और बाकी के सदस्य उससे सवाल पूछें। जो सबसे ज्यादा सही जवाब दे उसे शॉपिंग या पिंकनिक का गिफ्ट दिया जा सकता है।





# बच्चों के मां-बाप नहीं दोस्त बनें

**हर मां- बाप चाहते हैं कि उनकी बेटियां पढ़ लिखकर जिंदगी में कामयाब बने। बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए पेरेंट्स उन्हें घर से बाहर दूसरे शहरों में भी पढ़ने के लिए भेजते हैं लेकिन दिन-प्रतिदिन लड़कियों के खिलाफ बढ़ते अपराध को देखकर कुछ मां- बाप अच्छी नौकरी या पढ़ाई के लिए उन्हें बाहर भेजने से डरने लगे हैं। उन्हें हर पल यही फिक्र सताती है कि उनकी बच्ची सही सलामत है या नहीं। अगर आपके घर में लड़किया हैं और वह पढ़ाई करने, नौकरी करने या किसी अन्य काम से रोजाना घर से बाहर जाती हैं या घर से दूर कहीं बाहर रहती हैं। तो माता- पिता होने के नाते आपको कुछ सावधानियां बरतने की खास जरूरत है ताकि वह हर छोटी से छोटी बात भी आपसे शेयर कर सके। तो आइए जानते हैं उन बातों के बारे में जो आपकी बच्ची को घर के बाहर भी सुरक्षित रख सकती हैं।**

### मोबाइल भी जरूरी

कुछ मां- बाप की सोच है कि मोबाइल फोन से बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ता है। वह पढ़ना-लिखना छोड़ देंगे और पूरा दिन सिर्फ मोबाइल फोन पर ही लगे रहेंगे लेकिन बेटियों के पास मोबाइल फोन होना जरूरी है। वह कहीं बाहर गई हो और घर वापसी में लेट हो जाए तो आपको फोन करके बता सकती हैं। इसके अलावा अगर कभी कोई मुसीबत आती है तब भी वह आपको फोन कर सकती हैं। बच्चों का दोस्त बनना बहुत जरूरी है अगर आप उनके साथ दोस्तों जैसा व्यवहार करेंगे तो वह खुल कर आप से हर बात शेयर कर पाएंगे। जब आपको उसके बारे में हर बात पता होगी तो आप अपनी बच्ची को परेशानियों से बचा सकते हैं।

### थोड़ी दूरी भी बनाएं

बच्चों को स्पेस देना भी जरूरी है हर वक्त उनके पीछे परछाई की तरह लगने रहने से वह परेशान हो जाएगी। इससे आपका बच्चा धीरे-धीरे आप से दूर होता चला जाएगा और कभी आप पर भी भरोसा नहीं करेगा। खुद का भरोसा बच्चे पर बनाने के लिए कुछ समय उसे अकेले भी समय बिताने का मौका दें ताकि उन्हें पता चल सके कि क्या सही है और क्या गलत।

### दोस्तों की जानकारी

आपको उनके दोस्तों के बारे में पता होना जरूरी है वह पूरा दिन कौन से दोस्तों के साथ रहती है इस बात की पूरी जानकारी होनी चाहिए। इस बात को सुनिश्चित करें की उसकी संगत अच्छी हो। अपने बच्चे ही नहीं बल्कि उनके दोस्तों से भी दोस्ती बनाएं।

### आत्मरक्षा के तरीके

बेटियों को आत्मरक्षा करने के लिए तरीके बताएं। आजकल तो बहुत से स्कूलों और कॉलजों में बच्चों को कराटे और बहुत-से ऐसे टिप्स बताए जाते है जिनसे वह अकेली होने पर अपनी रक्षा कर सके। लड़कियों को कभी भी कमजोर या अकेला महसूस न होने दें।

### अपनी राय न थोपें

बच्चों को अच्छी बुरी के बातों के बीच फर्क बताना जरूरी है लेकिन उन पर अपनी राय थोपना गलत है। जब आप उनकी हर बात पर अपनी राय थोपेंगे तो वह बहुत-सी बातों को आप छीपाएगी। जो उसके लिए बाद में परेशानियां खड़ी कर सकती हैं।

## श्रीलंका को इस महीने कुछ और खेप आने से ईंधन की उपलब्धता में सुधार की उम्मीद

कोलंबो। श्रीलंका सरकार ने रविवार को उम्मीद जतायी कि देश में ईंधन की उपलब्धता में एक सप्ताह के भीतर सुधार होगा और इस महीने डीजल की तीन खेप सहित ईंधन की चार खेप आने की संभावना है। बिजली और ऊर्जा मंत्री कंचना विजेसेकरा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि डीजल की खेप 8-9 जुलाई, 11-14 जुलाई और तीसरी खेप 15-17 जुलाई को श्रीलंका पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि पेट्रोल की खेप 22-23 जुलाई को श्रीलंका पहुंच जाएगी। ईंधन की कमी के कारण शिक्षा मंत्रालय ने अगले सप्ताह चार जुलाई से आठ जुलाई तक सभी सरकारी और राज्य द्वारा मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के लिए अवकाश घोषित किया है। संसद के सत्र को भी चार दिनों के बजाय तीन दिन का कर दिया गया है। पिछले हफ्ते से, सरकारी ईंधन कंपनी सिलोन पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (सीपीसी) ने निजी वाहनों को ईंधन जारी करना बंद कर दिया और केवल आवश्यक सेवाओं तक ही इसकी आपूर्ति की जा रही है। इंडियन ऑयल कंपनी (आईओसी) प्रबंधित लंका आईओसी ने सीमित आधार पर निजी ग्राहकों को ईंधन की आपूर्ति की जिससे एलआईओसी के 200 से अधिक स्टेशन के पास मीलों लंबी कतार लग गई। विजेसेकरा ने कहा कि सरकार ने पूर्वी जिले त्रिंकोमाली में एलआईओसी के भंडारण से ईंधन खरीदने की व्यवस्था की है। श्रीलंका सरकार रूस से रियायती तेल खरीदने के विकल्प भी तलाश रही है। विदेशी मुद्रा भंडार में कमी आने के कारण अभूतपूर्व आर्थिक संकट के बीच द्वीपीय राष्ट्र ईंधन भंडार को फिर से भरने के लिए कई कदम उठा रहा है। पिछले सप्ताह लंबी अवधि तक ईंधन की आपूर्ति को लेकर समझौते के लिए विजेसेकरा कतर गए थे।

## श्रीलंका की नौसेना ने 12 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया

कोलंबो। श्रीलंकाई नौसेना ने कथित तौर पर अपने जल क्षेत्र में मछली पकड़ रहे कम से कम 12 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को इसकी जानकारी दी। श्रीलंकाई नौसेना के प्रवक्ता कैप्टन इंडिका डी सिल्वा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''मछुआरों को आज शाम पांच से साढ़े पांच बजे के बीच (स्थानीय समयानुसार) प्वाइंट पेड्रो के पास गिरफ्तार किया गया।'' उन्होंने कहा कि गिरफ्तार मछुआरों को उत्तरी जाफना प्रायद्वीप के मायलादी लाया जा रहा है, जहां उन्हें मत्स्य निदेशालय को सौंप दिया जाएगा। हाल के सप्ताहों में, भारतीय मछुआरों द्वारा श्रीलंकाई जल क्षेत्र में अवैध शिकार की शिकायतें बढ़ गयी हैं। स्थानीय लोगों ने दावा किया कि देश में जारी ईंधन संकट के कारण मछली पकड़ने जाने वाले स्थानीय लोगों की संख्या कम है और भारतीय मछुआरे इस अवसर का लाभ उठा रहे हैं। मछुआरों का मुद्दा दोनों देशों के बीच संबंधों में एक विवादास्पद मुद्दा है। श्रीलंकाई नौसैनिकों द्वारा पाक जलडमरूमध्य में भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी करने और उनकी नौकाओं को जब्त करने की कई घटनाएं हुई हैं।

## धीरे-धीरे श्रीलंका बनने की राह पर आगे बढ़ रहा है पाकिस्तान

### - व्यापार घाटा समाप्त वित्त वर्ष में 48.66 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

इस्लामाबाद । आर्थिक संकट में फंसा पाकिस्तान भी धीरे-धीरे श्रीलंका बनने की राह पर आगे बढ़ रहा है। नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान का व्यापार घाटा समाप्त वित्त वर्ष में 48.66 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। यह एक साल पहले के 30.96 अरब डॉलर की तुलना में 57 प्रतिशत अधिक है। बताया जा रहा है ?कि आयात उम्मीद से कहीं अधिक रहने से व्यापार घाटा उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है। पाकिस्तान का वित्त वर्ष जुलाई से जून होता है। एक रिपोर्ट के अनुसार शहबाज शरीफ सरकार ने मई में 800 से अधिक गैरजरूरी विलासिला के सामान के आयात पर प्रतिबंध लगाया था। इसके बावजूद व्यापार घाटा काफी ऊंचा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जून माह में पाकिस्तान का व्यापार घाटा 32 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 4.84 अरब डॉलर पर पहुंच गया । एक साल पहले समान महीने में यह 3.66 अरब डॉलर था। समाप्त वित्त वर्ष के लिए व्यापार घाटा 2017-18 के 37 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर से कहीं अधिक रहा है। उस समय आयात मुख्य रूप से चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के रास्ते बढ़ा था।

वहीं वित्त वर्ष 2018-19 में व्यापार घाटा घटकर 31.8 अरब डॉलर रह गया था। यह 2019-20 में और कम होकर 23.2 अरब डॉलर पर आ गया था। 2020-21 में व्यापार घाटा फिर बढ़कर 30.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। कुछ दिन पहले ही पाकिस्तान में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी की गई है। यह फैसला लागू होने के बाद से सभी पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में करीब 14-19 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी एक नोटिफिकेशन के अनुसार, सरकार ने पेट्रोल पर 10 रुपये प्रति लीटर और हाई-स्पीड डीजल मिट्टी के तेल और हल्के डीजल तेल पर 5 रुपये प्रति लीटर पेट्रोलियम लेवी लगाई है। इसी साल अप्रैल में सत्ता संभालने वाली मौजूदा सरकार के तहत पेट्रोलियम में यह चौथी बढ़ोतरी है। इस फैसले के बाद पेट्रोल की कीमत में 14.85 रुपए, डीजल में 13.23 रुपये, मिट्टी के तेल में 18.83 रुपये और एलडीओ में 18.68 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। पेट्रोल की एक्स-डिपो कीमत अब 248.74 रुपए प्रति लीटर, एचएसडी 276.54 रुपए, केरोसिन 230.26 रुपए और एलडीओ 226.15 रुपए है।

## अंतरिक्ष से दिखा सूर्यग्रहण का अनोखा नजारा, तीन महीने बाद धरती से आएगा नजर

वॉशिंगटन। नासा के पास कुछ ऐसे उपकरण हैं जिनसे सूरज को सीधे तौर पर देखा जा सकता है। अंतरिक्ष में ऐसे ही एक खास उपकरण ने आंशिक सूर्य ग्रहण की तस्वीर ली। जब चंद्रमा सूरज के करीब से गुजर रहा था। नासा की सोलर डायनेमिक्स ऑब्जर्वेटरी 24 घंटे सूरज पर नजर रखती है। 29 जून को ऑब्जर्वेटरी और सूर्य के बीच चंद्रमा आया, जिसकी तस्वीर कैप्चर कर ली गई। ग्रहण के चरम पर, चंद्रमा ने सूर्य के 67 प्रतिशत हिस्से को कवर कर लिया था। सोलर डायनेमिक्स ऑब्जर्वेटरी (एसडीओ) ने अंतरिक्ष में अपने खास विंटेज पॉइंट से ग्रहण की तस्वीर ली। यह ग्रहण पृथ्वी से दिखाई नहीं दे रहा था। पृथ्वी से ग्रहण 25 अक्टूबर को नजर आएगा, जो अधिकांश यूरोप, उत्तरी अफ्रीका, मध्य पूर्व और एशिया के पश्चिमी हिस्सों से दिखाई देगा। एसडीओ यह अध्ययन कर रहा है कि सौर गतिविधि अंतरिक्ष के मौसम का निर्माण और संचालन कैसे करती है, जैसे कि कोरोनल मास इजेक्शन पृथ्वी पर सौर तूफान कैसे पैदा कर सकते हैं। सूर्य अभी भी इस सोलर साइकल की पीक एक्टिविटी से तीन साल दूर है, जिसके जुलाई 2025 में होने की उम्मीद है। हालांकि, यह कुछ तेज फ्लेयर्स, सनस्पॉट्स, सीएमई और यहां तक ????कि हाल ही में हो रहे दुर्लभ को-रोटेटिंग इंटरैक्शन रिजन के साथ पहले से ही असामान्य रूप से सक्रिय है।

## पाकिस्तान में बस के खाई में गिरने से 20 की मौत, 13 घायल

### - 20 शव बरामद, 13 घायलों का अस्पताल में चल रहा उपचार

इस्लामाबाद । दक्षिण-पश्चिमी पाकिस्तान में एक यात्री बस खड्डे में गिर गई, जिसमें 20 लोगों की मौत हो गई। शेरानी जिले के उपायुक्त एजाज जाफर का कहना है ?कि सड़क दुर्घटना में रावलपिंडी के गैरीसन शहर से दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा जा रही बस में सवार 13 अन्य लोग भी घायल हो गए। क्वेटा से लगभग 350 किलोमीटर उत्तर में ये हादसा हुआ। खराब सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर और जल्दबाजी में गाड़ी चलाने से अक्सर पाकिस्तान में घातक सड़क दुर्घटनाएं होती हैं।



सहायक आयुक्त सैयद मेहताब शाह ने कहा कि जैसे ही बस क्वेटा के पास पहुंची, तो उस मोड़ का बस चालक आकलन ना लगा पाया जिस वजह से वाहन ने नियंत्रण खो दिया और बस एक खाई में गिर गई। 20 शव बरामद किए हैं, जबकि 13 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सहायक आयुक्त ने कहा कि सूचना मिलने के तुरंत बाद बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचा और शवों को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी पहचान करने की प्रक्रिया चल रही है। सिविल अस्पताल झोब के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर नूरुल हक ने कहा कि घायलों की हालत गंभीर है और मृतक संख्या बढ़ सकती है। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर अब्दुल कुदूस बिजेंजो ने हादसे पर दुख जताया। उन्होंने घायलों का इलाज सुनिश्चित करने के लिए सिविल अस्पताल झोब में आपात स्थिति घोषित करने का आदेश दिया। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी दुखद हादसे पर दुख व्यक्त किया और मृतकों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना और सहानुभूति व्यक्त की।




बांग्लादेश के सुनामगंज इलाकेम में बाढ़ के पानी में डूबा एक इलाका।

## फ्लोरिडा के समुद्र तट पर जगन्नाथ रथ यात्रा का वीडियो वायरल

**फ्लोरिडा ।** अमेरिका के फ्लोरिडा बीच पर भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। रथ यात्रा 1 जुलाई को पूरे भारत में मनाई गई थी। कोविड-19 महामारी के कारण दो साल के अंतराल के बाद रथ यात्रा ओडिशा के पुरी में शुरू हुई। भगवान जगन्नाथ के रथों के साथ बहन देवी सुभद्रा और बड़े भाई भगवान बलराम को उनके पारंपरिक मार्गों पर निकाला गया। अमेरिका से आए वीडियो में, विभिन्न देश के भक्तों को समुद्र के किनारे रथ खींचते हुए भगवान कृष्ण की स्तुति करते हुए गाते और नाचते हुए देखा गया। वीडियो को फ्लोरिडा के टाम्पा में शूट किया गया था। रथ यात्रा गुंडिचा मंदिर में भगवान जगन्नाथ और उनके भाई-बहनों के 8 दिनों के प्रवास का प्रतीक है। यह त्यौहार मूल रूप से ओडिशा राज्य का है। यह दुनिया भर में धूमधाम और खुशी के साथ मनाया जाता है। हर साल आयोजन के लिए भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और भगवान बलभद्र के तीन रथ बनाए जाते हैं। जैसे ही देवता गुंडिचा मंदिर की ओर बढ़ते हैं, लाखों भक्त इन रथों को खींचते हैं। यह उत्सव 15 दिनों तक चलता है। भक्तों का मानना है कि भगवान जगन्नाथ के रथ की रस्सी को छूने से उनके पाप धुल जाएंगे और उन्हें मोक्ष मिल जाएगी, जैसा कि हिंदू धर्म में माना जाता है।

## ब्रिटेन में कोरोना कहर, जून में 23 लाख मामले सामने आए, अधिकांश को सिरदर्द की शिकायत

**लंदन (एजेंसी)।**




कोरोना महामारी एक बार फिर जोर पर है। दुनिया में वैक्सीनेशन के कारण कोविड से मौतों की दर में काफी कमी आई है। कई देशों में अब कोरोना मरीजों में सर्दी-खांसी और हल्के बुखार के रूप में देखा जा रहा है। इन सबके बीच ब्रिटेन में एक सप्ताह में कोविड के मामलों की संख्या में लगभग एक तिहाई की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। नए आंकड़ों से रोगियों में सबसे आम लक्षण सामने आए हैं। ब्रिटेन में महारानी एलिजाबेथ शासन के जुबली समारोह के बाद से कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। जून के अंतिम सप्ताह में करीब 23 लाख लोगों को कोरोना वायरस का संक्रमण हुआ। कोविड एनालिसिस ऐप जेडओई की एक रिपोर्ट से पता चलता है कि कोरोना के मरीजों में सिरदर्द सबसे आम लक्षण बन गया है।

ओएनएस डेटा के मुताबिक, साल 2020 की गर्मियों में इंग्लैंड में 0.1 प्रतिशत से नीचे की आबादी कोविड पॉजिटिव पाई गई, जबकि 2021 में यह दर 1.57 प्रतिशत थी। अब इस साल इंग्लैंड में करीब 3.35 प्रतिशत लोग कोरोना संक्रमित हैं। जून के अंत में इंग्लैंड में कोविड से संक्रमित 8,928 लोग अस्पताल में थे। पिछले सप्ताह ऐसे मरीजों की संख्या 6,401 थी। कोरोना मामलों में बढ़ोतरी की वजह ओमिक्रॉन के सबवेरिएंट बीए.4 और बीए.5 बताया जा रहा है। जेडओई कोविड स्टडी ऐप का इस्तेमाल वॉलंटियर्स ग्रुप करता है। इसमें लोगों की डिटेल डालकर उनका हेल्थ अपडेट बताया जाता है। इससे ये भी पता किया जा सकता है कि संबंधित व्यक्ति कोविड पॉजिटिव है या नहीं। इस ऐप के डेटा का एनालिसिस किंग्स कॉलेज लंदन के रिसर्चर्स करते हैं, जो पूरे यूके में कोविड केस को ट्रैक करते हैं। साथ ही इस ऐप के जरिए ये भी पता लगाया जाता है कि कोरोना के लिए कौन से इलाके हाई-रिस्क जोन में हैं।

ऐप का इस्तेमाल करने वाले औसतन तीन मरीजों से दो ने कोरोना टेस्टिंग से पहले सिरदर्द होने की शिकायत की थी। कुछ को सांस लेने में तकलीफ होने से पहले सिरदर्द भी हुआ। ऐप आगे बताता है कि कैसे यह दर्दनाक लक्षण अन्य कोविड संकेतों की तुलना में 'अधिक सामान्य' है। इस स्टडी ऐप का नेतृत्व करने वाले प्रोफेसर टिम स्पेक्टर ने बताया, 'निश्चित रूप से बहुत सारे लोग हैं जिन्हें साल की शुरुआत में कोविड हुआ। फिर दोबारा से कोरोना संक्रमित हुए। इनमें से कुछ बीए.4/5 के सबवेरिएंट से संक्रमित हैं।'

## डेनमार्क : कोपेनहेगन के मॉल में अंधाधुंध फायरिंग, 3 की मौत, 3 की हालत नाजुक

**कोपेनहेगन। (एजेंसी)।**





डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन के मॉल में रविवार को हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। कोपेनहेगन पुलिस निरीक्षक सोरेन थॉमसन ने बताया कि मारे गए तीन लोगों में से एक व्यक्ति की उम्र 40 के आसपास थी और ''दो अन्य युवा थे।'' थॉमसन ने पत्रकारों को बताया कि गोलीबारी करने वाले संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसकी पहचान डेनमार्क के 22 वर्षीय नागरिक के तौर पर हुई है। हमले में किसी अन्य के शामिल होने के कोई संकेत नहीं मिले हैं।

हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। डेनमार्क में बंदूक हिंसाए दुर्लभ ही देखी जाती हैं। थॉमसन ने बताया कि अभी गोलीबारी करने की वजह पता नहीं चल पाई है। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने कहा, ''हमला समझ से परे...हृदयविदारक है। हमारी सुंदर और आमतौर पर लोगों के लिए हमेशा सुरक्षित रही राजधानी में हालात कुछ ही सेकंड में बदल गए।'' घटनास्थल से जो तस्वीरें सामने आई हैं, उसमें लोग मॉल से भागते हुए बाहर निकलते नजर आ रहे हैं। डेनमार्क के प्रसारक 'टीवी2' ने एक तस्वीर साझा की, जिसमें एक व्यक्ति 'स्ट्रेचर' पर नजर आ रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि लोग शोर मचाते हुए बाहर निकलने का प्रयास कर रहे थे और कुछ लोग दुकानों के भीतर भी छिप गए थे।

## पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने सैन्य अधिकारियों को राजनीति से दूर रहने का निर्देश दिया

**इस्लामाबाद। (एजेंसी)।**

पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने आईएसआई समेत अपने कमांडरों और अधिकारियों को राजनीति से दूर रहने का नया निर्देश जारी किया है। सोमवार को मीडिया में आई एक खबर में यह बात कही गई। खबर में कहा गया कि बाजवा का निर्देश अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान के नेतृत्व वाली पार्टी के नेताओं के इन आरोपों के बाद आया है कि देश की खुफिया एजेंसी पंजाब में आगामी उपचुनाव में ''हेरफेर'' करने की कोशिश कर रही है। पाकिस्तानी सेना ने पहले कहा था कि उसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है और वह भविष्य में भी गैर-राजनीतिक ही रहेगी।

द न्यूज अखबार ने कहा कि सेना प्रमुख जनरल बाजवा ने अपने सभी कमांडरों और प्रमुख अधिकारियों को राजनीति से दूर रहने तथा राजनीतिक नेताओं के साथ बातचीत से बचने के लिए नए निर्देश जारी किए हैं। खबर में कहा गया है कि ये निर्देश इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सैन्य प्रतिष्ठान के खिलाफ दुष्प्रचार के मद्देनजर दिए गए हैं, जिसमें आईएसआई के कुछ अधिकारियों पर आरोप लगाया गया है कि वे पार्टी को नुकसान पहुंचाने के लिए पंजाब में आगामी उपचुनाव में हेरफेर करने की कोशिश कर रहे हैं। रक्षा सूत्रों का कहना है कि आईएसआई सेक्टर कमांडर-लाहौर, ब्रिगेडियर राशिद, जिन्हें पीटीआई नेताओं द्वारा बदनाम किया जा रहा है, इस्लामाबाद में अपने कुछ पेशेवर काम की वजह से एक पखवाड़े से अधिक समय से लाहौर में नहीं हैं।

पीटीआई नेता और पंजाब की पूर्व स्वास्थ्य मंत्री यास्मीन राशिद ने हाल ही में सेक्टर कमांडर का नाम लिया था और उन पर पंजाब में उपचुनाव में हेरफेर करने के लिए राजनीति में शामिल होने का आरोप लगाया था। पंजाब विधानसभा की 20 रिक्त सीटों पर 17 जुलाई को उपचुनाव होगा।

## अमेरिका में भारतीय सशस्त्र बलों के रियायर्ड सैनिकों के सम्मान में 'वरिष्ठ योद्धा' कार्यक्रम संपन्न

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।**

भारतीय सशस्त्र बलों के रिटायर्ड सैनिकों के योगदान को स्वीकार करते हुए यहां भारतीय दूतावास ने सोमवार को अमेरिका में रह रहे पूर्व सैनिकों को सम्मानित करने के लिए 'वरिष्ठ योद्धा' कार्यक्रम का आयोजन किया। विभिन्न युद्धों को लड़ चुके कुछ विशिष्ट पूर्व सैनिकों और परिवारों के सदस्यों सहित 140 से अधिक लोगों ने यहां इस कार्यक्रम में भाग लिया। अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने कहा, 'दोस्तों, आपने अपने कर्तव्य का पालन करते हुए निस्वार्थ भाव से भारत माता की सेवा और बलिदान किया है। आप और आपके परिवार के सदस्य 40 लाख भारतीय समुदाय के हिस्से के रूप में भारत-अमेरिका संबंधों को विभिन्न क्षेत्रों में मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।'

उन्होंने भूतपूर्व सैन्यकर्मियों की प्रशंसा करते हुए कहा, 'कोई भी मान्यता और पुरस्कार आपके योगदान के साथ न्याय नहीं कर सकता है, आज का कार्यक्रम आपके प्रति हमारा सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का छोटा सा तरीका है और आपको यह भी बताना है कि हम यहां आपके लिए हैं।' संधू ने कहा, 'इस विशेष सभा का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व और सम्मान की बात है।' उन्होंने कहा कि यहां ऐसे लोग हैं, जिन्होंने 1948, 1962, 1965 या 1971, 1985, 1999 में करगिल युद्ध और कई अन्य अभियानों में भारत के लिए लड़ाई लड़ी है। राजदूत ने कहा, 'आज का वरिष्ठ योद्धा कार्यक्रम हमारे पूर्व सैनिकों के बलिदान और सेवा को मान्यता देने और उन्हें देशभक्ति, समर्पण, देशसेवा और बलिदान करने की इच्छा के लिए सम्मानित करने का हमारा विनम्र प्रयास है।'

उन्होंने कहा, हम अपने वरिष्ठ सैन्यकर्मियों की उसी तरह देखभाल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जैसे उन्होंने हमारे देश की सुरक्षा का ख्याल रखा है। संधू ने कहा कि भारतीय पूर्व सैनिक, जहां भी जाते हैं, कर्तव्य, अनुशासन और पेशेवर रवैये के उच्चतम मानकों को निभाते हैं, जिसके लिए भारतीय सशस्त्र बलों को जाना जाता है। उन्होंने कहा, अमेरिका में रहने वाले हमारे पूर्व सैनिक हमारे सशस्त्र बलों की परंपराओं के ध्वजवाहक बने हुए हैं और भारतीय समुदाय को प्रेरित करना जारी रखे हैं। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी उनकी बुद्धिमत्ता, कड़ी मेहनत और उच्च नैतिक मूल्यों से समृद्ध है।

संधू ने अपने संबोधन में कहा कि अमेरिका और भारत के बीच रक्षा साझेदारी ने दोनों देशों के बीच कई तरह के समझौतों को तेज करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जो रक्षा प्रौद्योगिकी साझा करने और समुद्री सुरक्षा और 'काउंटर-पाइरेसी' में सहयोग से संबंधित हैं। भारत को अमेरिका ने 'प्रमुख रक्षा भागीदार' के रूप में नामित किया है और वह किसी भी अन्य देश की तुलना में अमेरिका के साथ अधिक सैन्य अभ्यास करता है।

संधू ने बताया कि वर्तमान में, एक भारतीय नौसैनिक दल, जिसमें एक नौसैनिक जहाज भी शामिल है, रिमपैक नौसेना अभ्यास में भाग लेने के लिए हवाई में है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में भारत ने अमेरिका से 20 अरब डॉलर से अधिक के रक्षा संबंधी अधिग्रहण किए हैं। भारतीय दूत ने कहा, आज, भारतीय सेना अमेरिकी रक्षा मंचों का संचालन कर रही है, जिसमें परिवहन विमान, हेलीकॉप्टर, हॉवित्जर, जहाज और कई अन्य हल्के उपकरण शामिल हैं, जिनमें से कई को पूरी तरह से परिचालन और मानवीय उपयोगों में तैनात किया गया है, जिसमें कोविड-19 महामारी के दौरान सहायता और चिकित्सा आपूर्ति परिवहन प्रदान करना शामिल है। उन्होंने कहा, 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत हम अपने तुलनात्मक लाभों और रक्षा औद्योगिक सहयोग के अवसर लाभ उठाते हुए विशेष रूप से भारत और दुनिया के लिए नवाचार, सह-विकास और सह-उत्पादन करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं।

## रूस ने अपनी ऑनलाइन गतिविधियों पर नकेल कसी, वैश्विक इंटरनेट को खतरा

**लूमिंगटन (अमेरिका) (एजेंसी)।**

रूस द्वारा फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद से रूसी इंटरनेट उपयोगकर्ता डिजिटल नियंत्रण (डिजिटल आयरन कर्टेन) के बढ़ने का अनुभव कर रहे हैं। 'डिजिटल आयरन कर्टेन', सोशल मीडिया पर एक राजनीतिक, सैन्य और वैचारिक अवरोधक है जो किसी खास क्षेत्र या वर्ग से अलग कर देता है।

रूसी प्राधिकारियों ने सभी प्रमुख विपक्षी समाचार साइट के साथ फेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्विटर तक पहुंच अवरुद्ध कर दी। फर्जी खबरों से निपटने के लिए नए कठोर कानूनों के तहत इंटरनेट उपयोगकर्ताओं ने यूक्रेन में रूस की कार्रवाई के बारे में कथित तौर पर ऑनलाइन भ्रामक सूचना फैलाने के लिए प्रशासनिक और आपराधिक आरोपों का सामना किया। एअरबीएनबी से लेकर एप्पल तक प्रमुख पश्चिमी प्रौद्योगिकी कंपनियों ने रूस में अपनी गतिविधियों को सीमित कर दिया। कई रूसियों ने युद्ध के पहले सप्ताह में प्रतिबंधित साइट और सेवाओं तक पहुंच बनाने की कोशिश करने के लिए वर्चुअल निजी नेटवर्क सॉफ्टवेयर डाउनलोड किया।अप्रैल के अंत तक 23 प्रतिशत रूसी इंटरनेट उपयोगकर्ताओं ने अलग-अलग नियमितता के साथ वीपीएन का इस्तेमाल करने की सूचना दी थी। सरकारी मीडिया पर निगरानी रखने वाले रोस्कोमनाद्जोर लोगों को सरकार की सेंसरशिप का उल्लंघन करने से रोकने के लिए वीपीएन को ब्लॉक कर रही है और उसने जून 2022 में अपने प्रयास बढ़ा दिए।

डिजिटल संप्रभुता के अग्रणीः रूस ने 1990 की शुरुआत से सूचना और दूरसंचार पर सरकारी संप्रभुता बरकरार रखने की पैरवी की थी। शीत युद्ध के बाद कमजोर पड़ गया रूस आर्थिक, प्रौद्योगिकी या सैन्य स्तर पर अमेरिका के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर सका। इसके बजाय रूसी नेताओं ने अमेरिका के बढ़ते वैश्विक प्रभाव को रोकने और रूस की महान शक्ति की स्थिति को बनाए रखने का आह्वान किया।

साल 2000 में अपनी शक्तियों के फिर से उभरने को प्रदर्शित करने के लिए चीन की सेना के साथ रूस इंटरनेट संप्रभुत्ता के लिए वैश्विक आंदोलन की अगुवाई में शामिल हो गया। पुतिन के मार्च 2012 में राष्ट्रपति बनने के बाद क्रेमलिन ने रूसी साइबरस्पेस पर नियंत्रण करने पर अपना ध्यान लगाया।

संप्रभु इंटरनेट कानूनः अप्रैल 2019 में रूसी प्राधिकारियों तथाकथित संप्रभु इंटरनेट कानून के साथ डिजिटल संप्रभुत्ता के लिए अपनी आकांक्षाओं को अन्य स्तर पर ले गयी। इस कानून ने व्यक्तिगत उपयोगकर्ताओं के दुरुपयोग और इंटरनेट समुदाय को अलग-थलग करने का द्वार खोल दिया।

इस कानून के पारित होने पर पुतिन ने यह दलील देते हुए राष्ट्रीय डीएनएस पर स्पष्टीकरण दिया कि अगर आईसीएएनएन शत्रुतापूर्ण कार्रवाई करते हुए रूस को वैश्विक इंटरनेट से अलग कर देता है तो यह रूसी इंटरनेट को काम करने देगा। उल्लेखनीय है कि डीएनएस वैश्विक इंटरनेट कोर डेटाबेस है।

वैश्विक इंटरनेट को विभाजित करनाः रूस-यूक्रेन युद्ध ने वैश्विक इंटरनेट की अक्षुण्णता को रूसी कार्रवाई और पश्चिमी देशों में





प्रौद्योगिकी कंपनियों के कदमों को कमतर कर दिया है। एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए सोशल मीडिया ने रूस की सरकारी मीडिया तक पहुंच को अवरुद्ध कर दिया।

हालांकि, युद्ध क्षेत्र में इस पर लड़ाई नहीं लड़ी जा सकती है लेकिन वैश्विक 'इंटरकनेक्टिविटी' एक ऐसी चीज हो गई है जो रूस-यूक्रेन युद्ध में दाव पर लगी गई है।

## नूपुर शर्मा को गिरफ्तार करो आप आग से नहीं खेल सकते: ममता बनर्जी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने सोमवार को एक बार फिर से मांग की कि नूपुर शर्मा को गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि आखिर अब तक नूपुर शर्मा को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार क्यों नहीं किया है। उन्होंने कहा कि पैगंबर मोहम्मद पर टिप्पणी से जुड़ा विवाद भाजपा की ओर से रची गई साजिश का नतीजा है, जिसके तहत वह देश के लोगों को बांटना चाहते हैं।



उन्होंने कहा कि यह एक साजिश है- भाजपा की एक नफरत भरी नहीं है और लोगों में विभाजन कराने की पॉलिसी है। नूपुर शर्मा की गिरफ्तारी की मांग करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि 'आप आग से नहीं खेल सकते हैं।' हम विभाजनकारी राजनीति में यकीन नहीं करते। हम हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन और बौद्ध सभी लोगों के लिए हैं। ममता बनर्जी की ओर से नूपुर शर्मा की गिरफ्तारी की मांग ऐसे समय में की गई है, जब कुछ दिन पहले ही कोलकाता पुलिस ने उनके खिलाफ केस दर्ज किया था। यही नहीं कोलकाता पुलिस ने नूपुर शर्मा को नोटिस जारी कर पूछताछ में शामिल होने के लिए भी कहा था। कोलकाता के अलग-अलग थानों में नूपुर शर्मा पर दो केस दर्ज किए गए हैं। दोनों थानों की पुलिस ने नूपुर शर्मा को पूछताछ के लिए 20 और 25 जून को बुलाया गया था। नूपुर शर्मा ने नोटिसों के जवाब में कहा था कि यात्रा करने पर उनकी जान को खतरा है। ऐसे में वह पूछताछ के लिए कोलकाता नहीं आ सकती हैं। बता दें कि नूपुर शर्मा ने हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी, जिसमें उन्होंने मांग की थी कि देश के अलग-अलग हिस्सों में उनके खिलाफ दर्ज केसों को दिल्ली ट्रांसफर कर दिया जाए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें हाई कोर्ट में अर्जी दाखिल करने को कहा था। इसके साथ ही उन्हें फटकार लगाते हुए जस्टिस परदीवाला और जस्टिस सूर्यकांत ने कहा था कि उनके एक बयान के चलते देश में आग लग गई और उदयपुर में कन्हैयालाल की हत्या भी उनके चलते ही हुई थी

## अग्निपथ स्कीम के खिलाफ दायर अर्जी पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सेना में भर्ती के लिए लाई गई अग्निपथ स्कीम के विरोध में दायर अर्जी को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है। शीर्ष अदालत में अगले सप्ताह गर्मियों की छुट्टियां समाप्त होने के बाद इस पर सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट में दायर जनहित याचिका में एयरफोर्स कर्मियों का कहना है कि इसके चलते उनका करियर 20 साल की बजाय महज 4 साल का ही हो जाएगा। याचिका दायर करने वाले एडवोकेट एम.एल शर्मा ने कहा, 'मेरी अर्जी है कि सरकार की ओर से भर्ती के लिए जो नोटिफिकेशन जारी किया गया है, उसे कैंसिल किया जाए। सरकार कोई भी स्कीम ला सकती है, लेकिन यहां बात सही और गलत की है। अब भी 70 हजार लोग ऐसे हैं, जो नियुक्ति पत्र का इंतजार कर रहे हैं।' यह अर्जी जस्टिस इंदिरा बनर्जी और जस्टिस जेके माहेश्वरी की वैकेशन बेंच के समक्ष दाखिल की गई है। याची का कहना है कि अग्निपथ स्कीम कम से कम उन लोगों पर लागू नहीं होनी चाहिए, जो पहले से चल रही भर्ती प्रक्रिया में शामिल हैं और नियुक्ति पत्र का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मसले पर तत्काल सुनवाई होनी चाहिए क्योंकि यह सैनिकों के करियर का सवाल है। वकील ने कहा कि कई बार कोशिशों के बाद भी रजिस्ट्री विभाग की ओर से तारीख नहीं दी गई है। शर्मा ने कहा कि अदालत को 14 जून को रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी नोटिफिकेशन को कैंसिल करना चाहिए, जिसमें अग्निपथ स्कीम का ऐलान किया गया था। इस मामले में एक और अर्जी अधिवक्ता विशाल तिवारी की ओर से दायर की गई है। उन्होंने अदालत से मांग की गई है कि अग्निपथ स्कीम के परीक्षण के लिए एक एक्सपर्ट कमिटी का गठन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कमेटी यह तय करे कि इस स्कीम का युवाओं के भविष्य और देश की सुरक्षा व्यवस्था पर क्या असर होगा। अग्निपथ स्कीम के विरोध में दायर याचिकाओं को देखते हुए केंद्र सरकार की ओर से भी एक परिवाद दाखिल किया गया है। इसमें सरकार ने कहा कि अदालत कोई भी फैसला सुनाने से पहले इस मसले पर सरकार का पक्ष भी सुन ले।

## ज्ञानवापी केस: पूरी हुई मुस्लिम पक्ष की दलील, अब 12 जुलाई को होगी अगली सुनवाई

नई दिल्ली। ज्ञानवापी मामले को लेकर आज एक बार फिर से स्थानीय अदालत में सुनवाई हुई। आज की सुनवाई में मुस्लिम पक्ष की ओर से अपनी दलीलें पेश की गई हैं। खबर के मुताबिक मुस्लिम पक्ष ने आज अपने दलीलों को रखा है। इस मामले को लेकर अब अगली सुनवाई 12 जुलाई को होगी। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद आज एक बार फिर से इस मामले की सुनवाई हुई है। मुस्लिम पक्ष के वकील अभय नाथ यादव ने पूरे 51 बिंदुओं पर अपनी दलील रखी है। आज की सुनवाई के दौरान कोर्ट रूम में सिर्फ 40 लोगों को ही जाने की अनुमति दी गई थी। आज की सुनवाई को देखते हुए सुरक्षा के भी कड़े बंदोबस्त किए गए थे। आपको बता दें कि 17 अगस्त 2021 को 5 महिलाओं ने श्रृंगार गौरी में पूजन और विग्रहों को लेकर एक याचिका डाली थी। इसी याचिका पर सुनवाई जारी है। सिविल जज सीनियर डिवीजन रवि कुमार दिवाकर ने कोर्ट कमिश्नर की नियुक्ति कर ज्ञानवापी का सर्वे-वीडियोग्राफी का काम भी करवाया था। सर्वे-वीडियोग्राफी के बाद मुस्लिम और हिंदू पक्ष के अपने-अपने अलग-अलग दावे हैं। फिलहाल मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इसे जिला कोर्ट को ही वापस भेज दिया था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद से 23 मई से जिला कोर्ट में इसको लेकर सुनवाई लगातार जारी है। खबर के मुताबिक 12 जुलाई को जब एक बार फिर से इसकी सुनवाई होगी तो उस दिन हिंदू पक्ष अपनी दलीलें रखेगा।

## अमरनाथ यात्रा के बीच अनंतनाग में आतंकी हमला, पुलिसकर्मी को मारी गोली, घायल

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में चल रही अमरनाथ यात्रा में आतंकी अपने एजेंडे के तहत बड़ी घटना को अंजाम देने की कोशिश में लगे हुए हैं। पर भारतीय सेना की सख्त मौजदगी की वजह से उनके नापाक इरादे कामयाब नहीं हो पा रहे हैं। हालांकि इस बीच कुछ आतंकी घटना सामने आ रही हैं। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में रविवार को आतंकवादियों ने एक पुलिसकर्मी पर हमला किया। आतंकियों ने पुलिसकर्मी को गोली मार दी।

अधिकारियों ने जानकारी देते हुए कहा कि राहत की बात यह रही कि पुलिस कर्मी हमले में घायल हुआ है और उसे पास के अस्पाताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण कश्मीर जिले के श्रीगुफवाड़ा में शाम करीब साढ़े सात बजे आतंकवादियों ने कांस्टेबल फिरदौस अहमद पर हमला किया। अधिकारियों ने बताया कि अहमद को तुरंत श्रीगुफवाड़ा अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें श्रीनगर स्थित सेना के अस्पताल रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि इलाके की घेराबंदी कर हमलावरों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चलाया गया है। दूसरी तरफ जम्मू कश्मीर के रियासी जिले से भी एक बड़ी खबर सामने आई। यहां ग्रामीणों ने लश्कर के दो खूंखार आतंकियों को पकड़ा और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। सुरक्षाबलों के लिए यह एक बड़ी सफलता है क्योंकि पकड़े गए दोनों आतंकियों में से एक मोस्ट वांटेड था। आतंकियों के पास से 2 एके सिरीज की राइफल, 7 हैंडग्रेनेड और भारी मात्रा में गोलाबारूद बरामद हुआ।

## सिद्धू मूसेवाला को गोली मारने वाला शूटर अंकित सिरसा गिरफ्तार

नई दिल्ली। पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मामले में दिल्ली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल/एनडीआर (नई दिल्ली रेंज) की एक टीम ने लॉरेंस बिश्नोई-गोल्डी बराड़ गैंग के दो मोस्ट वांटेड अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एक गिरफ्तार अपराधी का नाम अंकित है। अंकित सिद्धू मूसेवाला की हत्या में शामिल शूटर्स में से एक है। उसपर राजस्थान में हत्या के प्रयास के दो अन्य जघन्य मामले दर्ज है। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने इनके पास से पंजाब पुलिस की तीन वर्दी के अलावा एक 9 एमएम की पिस्टल, एक .3एमएम की पिस्टल और डोंगल के साथ दो मोबाइल भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, अंकित सिरसा ने सिद्धू पर गोली चलाई थी। प्रियव्रत फौजी के साथ अंकित उसकी गाड़ी में मौजूद था। शुरुआत में अंकित और फौजी दोनों एक साथ भागे थे। पुलिस प्रियव्रत को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। स्पेशल सेल ने अंकित के साथ सचिन भिवानी को गिरफ्तार किया है। भिवानी पर मूसेवाला के शूटरों को पनाह देने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि भिवानी राजस्थान में लॉरेंस विश्नोई गैंग का पूरा काम संभालता था। पुलिस ने इन्हें रविवार रात को 11 बजे कश्मीरी गेट के पास से गिरफ्तार किया था।

# द्रौपदी मुर्मू वादा करें कि राष्ट्रपति बनने पर नहीं होंगी सरकार की रबर स्टांप: यशवंत सिन्हा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

राष्ट्रपति पद के लिए विपक्षी दलों के संयुक्त उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने एनडीए की प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू से खास अपील की है। सिन्हा ने उनसे यह वादा करने के कहा कि अगर वह राष्ट्रपति बनती हैं, तो 'नाम मात्र की (रबर स्टांप) राष्ट्रपति' नहीं होंगी। सिन्हा ने मुर्मू से कहा, 'मैंने संकल्प लिया है कि अगर मैं निर्वाचित होता हूं, तो मैं केवल संविधान के प्रति जवाबदेह बनूंगा। जब भी कार्यपालिका या अन्य संस्थाएं संवैधानिक नियंत्रण व संतुलन को नुकसान पहुंचाएंगी, तो मैं बिना किसी भय या पक्षपात के और ईमानदारी से अपने अधिकार का इस्तेमाल करूंगा। कृपया आप भी ऐसा ही वादा करें।÷ सिन्हा ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि राष्ट्रपति के रूप में वह मोदी सरकार के 'अधिनायकवाद' और संविधान पर 'हमले' का विरोध करेंगे और वह राष्ट्रपति भवन में 'रबर स्टांप' नहीं होंगे। भारत का राष्ट्रपति देश का सर्वोच्च संवैधानिक कार्यालय है, लेकिन लगातार सत्ताधारियों पर उस समय की सरकार का पक्षपात करने का आरोप लगाया गया है। ऐसा इसलिए है क्योंकि वह केंद्र सरकार की ओर से नामित है और इसलिए भी कि कार्यपालिका सत्तारूढ़ व्यवस्था है जो वास्तविक अधिकार का इस्तेमाल करती है। सिन्हा ने न्यायपालिका के खिलाफ लगाए जा रहे आरोपों पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की पूर्व पदाधिकारी नुपुर शर्मा के खिलाफ उच्चतम न्यायालय की कुछ टिप्पणियों के बाद न्यायपालिका पर घटिया आरोप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने इन आरोपों को अप्रत्याशित और भारत के लोकंतत्र में अत्यंत निराशाजनक घटनाक्रम बताया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने केंद्र सरकार पर राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और आयकर विभाग जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग करने का भी आरोप लगाया। सिन्हा अपने चुनाव प्रचार अभियान के तहत बेंगलुरु में हैं। उन्होंने रविवार को कांग्रेस विधायक दल की बैठक में भाग लिया। बैठक में राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस विधायक दल के नेता सिद्धरमैया, पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख डी के शिवकुमार और पार्टी के कई नेता और विधायक शामिल हुए।

## मानहानि मामले में संजय राउत के खिलाफ वारंट जारी

**मुम्बई।** मानहानि केस में शिवसेना नेता सांसद संजय राउत के खिलाफ वारंट जारी हुआ है बीजेपी नेता किरीट सोमैया की पत्नी ने संजय राउत पर मानहानी का केस दर्ज किया था जनकी शिकायत पर मुंबई की सेवरी कोर्ट ने ये वारंट जारी किया गया है बताया जा रहा है कि किरीट सोमैया की पत्नी मेघा के बारे में संजय राउत ने सामना में एक लेख लिखा था इस लेख में दावा किया गया था कि मीरा भांडर कॉरपोरेशन में एक प्राइवेट स्कैम हुआ है जिसे मेघा सोमैया ने किया है



जिसकी शिकायत दंपत्ति ने की थी इस मामले की अगली सुनवाई 18 जुलाई को होगी सेवरी मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने पिछले महीने ही शिवसेना सांसद संजय राउत के खिलाफ समन जारी कर उन्हें 4 जुलाई को पेश होने को कहा था, लेकिन राउत पेश नहीं हुए शिवसेना सांसद संजय राउत ने मेधा सोमैया पर 100 करोड़ रुपये के शौचालय घोटाले का आरोप लगाया था राउत के अनुसार मेधा सोमैया ने अपने मीरा-भयंदर नगर निगम द्वारा अपने गैर-सरकारी संगठन युवा प्रतिष्ठान के माध्यम से शौचालयों के निर्माण के लिये आवंटित धन का दुरुपयोग किया इसके बाद मेधा सौमैया ने वकील विवेकानंद गुप्ता के माध्यम राउत के बयान को निराधार बताते हुये शिकायत दर्ज की, और आरोपी संजय राउत के खिलाफ आइपीसी की धारा 499 और 500 के तहत कार्रवायी करने की मांग की।

# 'आजादी का संग्राम सिर्फ कुछ लोगों का नहीं है इतिहास',

## -पीएम मोदी बोले- भारत के कण-कण के त्याग और बलिदान का है इतिहास

**अमरावती। (एजेंसी)।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भीमावरम में स्वतंत्रता सेनानी अल्लूरी सीताराम राजू की 125वीं जयंती समारोह में हिस्सा लिया। इस मौके पर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई. एस. जगन मोहन रेड्डी भी मौजूद रहे। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज एक और देश आजादी के 75 वर्ष का अमृत महोत्सव मना रहा है, तो साथ ही अल्लूरी सीताराम राजू जी की 125वीं जयंती के अवसर भी है।

उन्होंने कहा कि संयोग से इसी समय देश की आजादी के लिए हुए रम्पा क्रांति के 100 साल भी पूरे हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं आंध्र की इस धरती की महान आदिवासी परंपरा को, इस परंपरा से जन्में सभी महान क्रांतिकारियों और बलिदानियों को भी आदरपूर्वक नमन करता हूं।

उन्होंने कहा कि अल्लूरी सीताराम राजू गारू की 125वीं जन्मजयंती और रम्पा क्रांति की 100वीं वर्षगांठ को पूरे वर्ष सेलिब्रेट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंडरंगी में उनके जन्मस्थान का जीर्णोद्धार, चिंतापल्ली थाने का जीर्णोद्धार, मोगल्लू में अल्लूरी ध्यान मंदिर का निर्माण, ये कार्य हमारी अमृत भावना के प्रतीक हैं। इसी बीच प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आजादी का संग्राम केवल कुछ वर्षों का, कुछ इलाकों का, या कुछ लोगों का इतिहास नहीं है। उन्होंने कहा कि ये इतिहास, भारत के कोने-कोने और कण-कण के त्याग, तप और बलिदानों का इतिहास है। उन्होंने कहा कि हमारे स्वतंत्रता आंदोलन का इतिहास हमारी विविधता की शक्ति का, हमारी सांस्कृतिक शक्ति का, एक राष्ट्र के रूप में हमारी एकजुटता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अल्लूरी सीताराम राजू गारू भारत की सांस्कृतिक और आदिवासी पहचान, भारत के शौर्य, आदर्शों और मूल्यों के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि सीताराम राजू गारू के जन्म से लेकर उनके बलिदान तक, उनकी जीवन यात्रा हम सभी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपना जीवन आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए, उनके सुख-दुःख के लिए और देश की आज़ादी के लिए अर्पित कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत के आध्यात्म ने सीताराम राजू गारू को करुणा और सत्य का बौद्ध दिया। आदिवासी समाज के लिए समभाव और मम्भाव दिया, त्याग और साहस दिया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में देश की आजादी के लिए युवाओं ने आगे आकर नेतृत्व किया था। आज नए भारत के सपनें को पूरा करने के लिए आज के युवाओं को आगे आने का ये सबसे उत्तम अवसर है। उन्होंने कहा कि आज देश मे नए अवसर हैं, नए नए आयाम खुल रहे हैं, नई सोच है, नई संभावनाएं जन्म ले रही हैं। इन संभावनाओं को साकार करने के लिए बड़ी संख्या में हमारे युवा ही इन जिम्मेदारियों को आने कंधों पर उठाकर देश को आगे बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आंध्र प्रदेश वीरों और देशभक्तों की धरती है। यहां पिंगली वेंकैया जैसे स्वाधीनता नायक हुये, जिन्होंने देश का झंडा तैयार किया। ये कन्नेगंटी हनुमंतु, कन्दुकूरी वीरेसलिंगम पंतुलु और पोट्टी श्रीरामूलु जैसे नायकों की धरती है।

## पंजाब: भगवंत मान ने अपनी कैबिनेट का किया विस्तार, पांच विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ




**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

पंजाब में सरकार गठन के लगभग 3 महीने बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अपने कैबिनेट का विस्तार किया है। आज आम आदमी पार्टी के 5 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली है। इन सभी विधायकों को राज्य के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। जिन नेताओं ने आज मंत्री पद की शपथ ली उसमें फौजा सिंह साररी, इंद्रबीर सिंह निज्जर, अमन अरोड़ा, अनमोल गगन मान और चेतन सिंह जौरामाजरा शामिल हैं।

आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा पंजाब में सरकार बनाने के तीन महीने से ज्यादा समय बाद यह पहला मंत्रिमंडल विस्तार हो रहा है। पांच और मंत्रियों के शपथ लेने के बाद, मान के मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या मुख्यमंत्री समेत 15 हो गई है। इस वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में शानदार जीत के बाद राज्य में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार बनने के बाद, मान के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में 10 विधायकों को मंत्री के रूप में शामिल किया गया था। मई में स्वास्थ्य मंत्री विजय सिंगला को भ्रष्टाचार के आरोप में राज्य मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर दिया गया था। 'आप' ने राज्य विधानसभा चुनाव के दौरान 117 सदस्यीय राज्य विधानसभा में 92 सीट जीतकर सत्ता में वापसी की थी।

## बदरुद्दीन अजमल की मुस्लिम समुदाय से अपील,

### -बकरीद पर न दें गायों की कुर्बानी, सनातन धर्म इसे एक पवित्र प्रतीक के रूप में पूजता है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**


ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के प्रमुख बदरुद्दीन अजमल ने मुस्लिम समुदाय से 10 जुलाई को मनाई जाने वाली ईद अल-अधा (बकरीद) त्योहार के दौरान गायों की बलि देने से बचने का आग्रह किया। असम के धुबरी निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सांसद और जमीयत उलमा के प्रदेश अध्यक्ष बदरुद्दीन अजमल ने कहा कि हिंदू गायों को एक मां के रूप में पूजते हैं और इसलिए किसी को भी इसे नुकसान पहुंचाने से बचना चाहिए।

असम के कछार जिले में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए बदरुद्दीन अजमल ने कहा कि हिंदू गाय को मां मानते हैं, सनातन धर्म इसे एक पवित्र प्रतीक के रूप में पूजता है। यहां तक कि इस्लाम भी कहता है कि किसी जानवर को नुकसान न पहुंचाएं। अजमल ने कहा कि मैं मुसलमानों से अपील करता हूं कि ईद के दौरान गायों को न मारें, हम इस प्रथा का कड़ा विरोध करते हैं। मैं मुस्लिम समुदाय से अन्य जानवरों की कुर्बानी देने का अनुरोध करूंगा और अल्लाह इसे स्वीकार करेगा।

भारत के सबसे बड़े इस्लामिक मदरसा दारुल उलूम देवबंद ने भी जनता से दो साल पहले ईद पर गायों की कुर्बानी से बचने की अपील की है, और मैं वही दोहरा रहा हूं, कृपया गायों की बलि न दें। बता दें कि मुस्लिम धर्म में पवित्र माह रमजान के 70 दिन बाद बकरीद का त्यौहार मनाया जाता है। इसे ईद-उल-अजहा के नाम से भी जानते हैं। इस साल भारत में बकरीद का त्यौहार 10 जुलाई मनाया जाएगा। बकरीद पर मुस्लिम समुदाय के लोग बकरे की कुर्बानी देने की परंपरा है।

## दिल्ली में अमित शाह के साथ एनआईए डीजी की बैठक, उदयपुर-अमरावती की घटना पर हुई हाईलेवल मीटिंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**




गृह मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को राजस्थान के उदयपुर और महाराष्ट्र के अमरावती में नृशंस हत्याओं की जांच करने का निर्देश दिए जाने के कुछ दिनों बाद दिल्ली में एनआईए प्रमुख दिनकर गुप्ता ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ उनके कार्यालय में बैठक की। बता दें कि 28 जून को उदयपुर में दिन के उजाले में एक दर्जी कन्हैयालाल कुमार की दुकान के अंदर दो लोगों ने सिर कलम कर दिया जबकि 21 जून को अमरावती में एक केमिस्ट दुकान के मालिक उमेश कोल्हे की हत्या कर दी गई।

अमरावती हत्याकांड में अमरावती की एक जिला अदालत ने मुख्य आरोपी और हत्याकांड के मास्टरमाइंड इरफान शेख को 7 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। आरोपी की पहचान इरफान शेख के रूप में की गई है, जिसे रविवार को नागपुर में अमरावती पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। छह आरोपियों की पहचान मुदस्सिर अहमद (22), शाहरुख पठान (25), अब्दुल तौफिक (24), शोएब खान (22), आतिब राशिद (22) और युसुफकान बहादुर खान (44) के रूप में हुई है। जांचकर्ताओं का अब तक मानना ??है कि केमिस्ट की हत्या कथित तौर पर एक सोशल मीडिया पोस्ट के बदले में की गई थी, जिसमें बीजेपी की नूपुर शर्मा का समर्थन किया गया था।

उदयपुर मामले में हमलावरों ने वीडियो में अपनी पहचान रियाज अख्तरी और गौस मोहम्मद के रूप में बताई है। वीडियो में, रियाज 47 वर्षीय कन्हैया लाल पर धारदार हथियार से हमला करते हुए देखा गया, जबकि दूसरे, आरोपी ने अपने मोबाइल फोन पर अपराध रिकॉर्ड किया। एनआईए ने गुरुवार को कहा कि उसे 'आतंकवादी संगठन नहीं बल्कि एक आतंकवादी गिरोह' की भूमिका पर संदेह है। हालांकि, आतंकवाद विरोधी एजेंसी ने यह स्पष्ट किया कि इस नृशंस हत्या के पीछे एक बड़े गिरोह की भूमिका है और यह सिर्फ दो व्यक्तियों द्वारा किया गया एक कार्य नहीं है।

## मोदी पर कमलनाथ का तंज, पीएम अगर किसी स्कूल में पढ़ने गए होंगे, वह भी तो कांग्रेस ने बनाया होगा

**भोपाल (एजेंसी)।**

मध्य प्रदेश में नगर निगम चुनाव को लेकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर लगातार जारी है। भाजपा और कांग्रेस एक दूसरे पर जबरदस्त तरीके से हमलावर है। भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रचार की कमान संभाल रखी है और कांग्रेस पर तीखे हमले कर रहे हैं। कांग्रेस की ओर से भी पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पलटवार कर रहे हैं। इसी कड़ी में कमलनाथ ने एक बार फिर से जबरदस्त तरीके से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसा है। कमलनाथ ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री किसी स्कूल में पढ़ने गए होंगे तो वह भी कांग्रेस ने ही बनाया होगा। हालांकि यह बात उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के लिए भी कही। उन्होंने कहा कि जिस स्कूल में शिवराज सिंह चौहान जी गए, वह स्कूल कांग्रेस ने बनाया था। दरअसल, कमलनाथ से शिवराज सिंह चौहान के उस बयान पर जवाब मांगा गया था जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस ने 70 साल में गरीबी खत्म नहीं की। कमलनाथ के इस बयान पर भाजपा ने भी पलटवार किया है। मध्य प्रदेश भाजपा प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी ने कहा कि कांग्रेस ने क्या रचनात्मक और विनाशकारी काम किया है, यह देशवासियों को अच्छी तरह से पता है। यही कारण है कि कांग्रेस 2014 से चुनावों में हार रही है और भाजपा लगातार जीत रही है। उन्होंने कहा कि मोदीजी के असाधारण कार्यों से दुनिया में भारत का डंका बज रहा है और पूरे विश्व में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। इससे कांग्रेस और कमलनाथ परेशान हो गये हैं। इसलिए वे बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं और मोदी जी पर व्यक्तिगत रूप से हमले कर रहे हैं। एक अन्य सवाल के जवाब में कमलनाथ ने कहा कि ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी मध्य प्रदेश में इस महीने होने वाले नगर निगम एवं नगर पालिका चुनाव में भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए राज्य का दौरा कर रहे हैं। जब उनसे सवाल किया गया कि ओवैसी ने आरोप लगाया है कि कमलनाथ और भाजपा एक ही है, तो इस पर कमलनाथ ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ''ये खुद का आरोप मुझ पर लगा रहे हैं। ये ओवैसी आए किस लिए थे? ये भाजपा को फायदा पहुंचाने का दौरा कर रहे हैं। केवल यही उनका लक्ष्य है।'' एआईएमआईएम मध्यप्रदेश में इस महीने दो चरणों छह जुलाई और 13 जुलाई को होने वाले नगर निगम एवं नगर पालिका चुनाव में पहली बार चुनाव लड़ रही है और ओवैसी अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए समर्थन जुटाने के लिए जन सभाएं कर रहे हैं। ओवैसी ने शनिवार को खंडवा में नगर निगम चुनाव लड़ रहे अपने उम्मीदवारों के लिए समर्थन जुटाने के लिए एक जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया था कि कमलनाथ और मोदी एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।


स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)

# सूरत और वडोदरा में कुत्तों का आतंक

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

सूरत और वडोदरा में कुत्तों का आतंक देखा जा रहा है। सूरत में तीन दिन में एक और घटना हुई है।

कुत्तों के आतंक से लोगों में दहशत का माहौल है। वडोदरा के समता इलाके में एक आवारा कुत्ते ने बच्ची पर हमला किया तो वह गिर पड़ी. बच्ची का सिर फटने के बाद कुत्तों ने खून चाटना शुरू कर दिया और मां अपनी बेटी को बचाने के लिए जद्दोजहद करती रही.

सूरत के मंदारवाजा इलाके के ख्वाजा नगर में कुत्ते का आतंक देखने को मिल रहा है. यहाँ एक कुत्ते ने 15 लोगों को काट लिया है। 15 लोगों में 8 से 10 बच्चे भी शामिल हैं। स्कूल के साथ-साथ घर के पास खेल रहे बच्चों को कुत्तों ने काट लिया। घटना से हड़कंप मच गया।

आवारा कुत्तों के लिए स्कूल से लौटने वाले बच्चों और घर के आसपास खेले जाने वाले खेलों को निशाना बनाना बहुत आसान होता जा रहा है।

इस दौरान माता-पिता करीब नहीं होते हैं। बच्चे अकेले होते हैं इसलिए कुत्ते आसानी से उन पर प्रहार करते हैं।

# अगर दिल्ली-पंजाब में बिजली फ्री हो सकती है तो गुजरात के लोगों को भी बिजली फ्री मिल सकती है - केजरीवाल

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुजरात दौरे पर कहा कि अगर दिल्ली और पंजाब में बिजली फ्री हो सकती है तो गुजरात के लोगों को भी बिजली फ्री मिल सकती है। इसी मुद्दे पर उन्होंने गुजरात की जनता से टाउनहॉल कार्यक्रम में चर्चा की।

केजरीवाल ने आगे कहा कि मैं अगले रविवार को फिर से गुजरात आऊंगा और गुजरात में फ्री बिजली पर चर्चा करूंगा। हमारी सरकार हमेशा रचनात्मक सुझावों और आलोचना का स्वागत करती है यदि वह बड़े पैमाने पर लोगों के लिए अच्छा हो तो। इसके अलावा अगर कोई चूक हमारे संज्ञान में लाई जाती है तो भी हम जल्द से जल्द उसका निराकरण करते हैं।

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को अहमदाबाद में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि हमें सत्ता हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी, हमें विपक्ष में नहीं बैठना है। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने रविवार को यहां ६९८८ पदाधिकारियों को ईमानदारी से लोगों की सेवा करने की शपथ दिलाई।

दो दिवसीय गुजरात दौरे पर पहुंचे केजरीवाल ने लोगों से अपील की कि वे गुजरात के आगामी विधानसभा चुनाव में अपना मत आप को दें। कांग्रेस को मत देकर बेकार न करें। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा से नाराज उन सभी लोगों के मत उसे मिल जाए, जो कांग्रेस को अपना मत नहीं देना चाहते हैं तो आप गुजरात में अगली सरकार बना सकती है। आप गुजरात में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में पूरे जोर-शोर से जुट गई है।

# गुजरात के बीजेपी नेता को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी मिली

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

कन्हैया लाल हत्याकांड पर बयान देने वाले गुजरात के बीजेपी नेता को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी मिली है। इसके चलते राज्य पुलिस ने उन्हें सुरक्षा मुहैया कराई है। बीजेपी पादरा तालुका समिति के उपाध्यक्ष नीलेश सिंह जादव ने वाडू पुलिस स्टेशन में एक शिकायत दर्ज कराई। इस शिकायत में जादव ने कहा, "अब्दुल सुबुर चौधरी नाम वाले शख्स ने सोशल मीडिया पर धमकी दी है कि उनका अंजाम राजस्थान के कन्हैया लाल जैसा होगा।"

जादव ने कहा है कि यह धमकी राजस्थान के पुलिस अधीक्षक सौरव कुमार खिचर के फेसबुक पेज पर उनकी टिप्पणी के जवाब में थी। दरअसल, जादव ने खिचर के फेसबुक पेज पर एक टिप्पणी की थी, जिसमें उन्होंने लिखा- "वहां हत्यारों को अच्छी तरह पता था कि इस अपराध के लिए उन्हें जेल भी जाना पड़ेगा। यहां तक कि उन्हें आजीवन कारावास भी हो सकती है, लेकिन उन्होंने इस अपराध को अंजाम दिया। इसके लिए आरोपी परिवार को करोड़ों रुपये की आर्थिक सहायता या मदद मिली होगी। यह सारा पैसा सऊदी, कतर और कुवैत से आया होगा।"

जादव ने अपने टिप्पणी में कहा, "एनआईए हत्यारों के परिवार के सदस्यों मौलवी को गिरफ्तार करे, ताकि धन का उपयोग नहीं किया जा सके, और उनकी पूरी संपत्ति को जब्त कर लिया जाए। ये लोग धर्म के लिए ऐसे अपराध नहीं करते बल्कि इसके लिए पैसे लेते है। अगर कोई पत्रकार या राजनीतिक नेता उनका समर्थन करता है तो उन्हें भी गिरफ्तार किया जाए।"

इस कमेंट के जवाब में अब्दुल सुबुर चौधरी ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और उन्हें धमकी दी- "उनका भी यही हश्र होगा।"

# डिजिटल इंडिया ने बदला सेवाओं का तरीका - नरेन्द्र मोदी

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गुजरात के गांधीनगर में डिजिटल इंडिया वीक-2022 का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में 'इंडियास्टेक ग्लोबल', 'माइ स्कीम', 'मेरी पहचान', 'डिजिटल इंडिया भाषिनी', 'डिजिटल इंडिया जेनेसिस', 'चिप्स टु स्टार्टअप' और 'कैटालाइजिंग न्यू इंडियाज टेकेड', 'की ई-बुक' जैसी अलग-अलग डिजिटल पहलों का शुभारंभ किया।




इस अवसर पर मोदी ने कहा कि 21 वीं सदी में जिनका जन्म हुआ है उन्हें डिजिटल लाइफ बहुत कूल लगती है। लेकिन 8-10 साल पहले कि स्थितियों को याद कीजिए, बर्थ सर्टिफिकेट के लिए लाइन, बैंको में लाइन, राशन लेने के लिए लाइन, बिल जमा करना है तो लाइन और एडमिशन के लिए लाइन। इतनी सारी लाइनों का समाधान भारत ने ऑनलाइन होकर कर दिया है। आज जन्म प्रमाण पत्र से लेकर सीनियर सिटीजन की पहचान देने वाले जीवन प्रमाण पत्र जैसी कई सेवाएं ऑनलाइन हैं। जिन कामों में कभी कई दिन लग जाते थे वो अब कुछ पलों में हो जाते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (DBT) के माध्यम से बीते 8 साल में 23 लाख करोड़ रूपए से अधिक सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजे गए हैं। इस टेक्नोलॉजी की वजह से देश के 2 लाख 23 हजार करोड़ रूपए गलत हाथों में जाने से बचे हैं।

कार्यक्रम के दौरान एक ऐग्जीबिशन का भी आयोजन किया गया, जिसमें आधार, क्ष्ढ्ढ, को-विन और डिजिलॉकर जैसे पब्लिक डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए लोगों को आसानी से मिल रही सेवाओं के बारे जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन महात्मा मंदिर कॉन्वेशन और एक्जीबिशन सेंटर में किया गया। यह कार्यक्रम 9 जुलाई तक चलेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भुपेंद्र पटेल और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं ढ्ढञ्ज राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर विशेष रूप से मौजूद रहे।

## दक्षिण गुजरात और सौराष्ट्र के कुछ हिस्सों में भारी बारिश से बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हुई

दक्षिण गुजरात और सौराष्ट्र के कुछ हिस्सों में भारी बारिश से बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है। सरकार ने सूरत, बनासकांठा और राजकोट जिलों में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के पांच दल भेजे हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) ने बताया कि दक्षिण गुजरात के नवसारी और तापी जिलों के कुछ हिस्सों के साथ-साथ देवभूमि द्वारका, जूनागढ़ और जामनगर में रविवार सुबह छह बजे समाप्त हुई 24 घंटे की अवधि में भारी वर्षा हुई, जबकि राज्य के 30 तालुका में 50 मिलीमीटर से अधिक बारिश दर्ज की गई।

एसईओसी के मुताबिक, नर्मदा, भरूच, सूरत और वड़ोदरा के कुछ हिस्सों में दिन में अच्छी बारिश हुई। ट्विटर पर जारी अपडेट में एसईओसी ने बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा गुजरात के कुछ हिस्सों में अगले पांच दिनों में भारी से बहुत भारी बारिश होने का पूर्वानुमान किये जाने के मद्देनजर एनडीआरएफ ने 'मानसून पूर्व तैनाती'

# पत्नी ने सुपारी देकर करवाई पति की हत्या

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

अहमदाबाद में एक युवक मॉर्निंग वॉक के लिए जा रहा था कि तभी पीछे से आ रहे टेंपो ने उसे उड़ा दिया। जिसमें उनकी दर्दनाक मौत हो गई। पहली नजर में लोगों को लगा कि यह हादसा है, लेकिन अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने जांच में पाया कि यह हादसा नहीं बल्कि हत्या है, जिसके लिए मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी ने संयुक्त रूप से सुपारी सौंपी थी। दोनों ने न केवल युवक को मारने की योजना बनाई, बल्कि उसकी पत्नी ने उसके घर से निकलने की पूरी जानकारी हत्यारे को दी थी।

शहर के वेस्टरी इलाके में सुबह की सैर के लिए निकले शैलेश प्रजापति को एक पिकअप ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसमें शैलेश भाई की मौत हो गई थी।

ट्रैफिक पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। हादसे का सीसीटीवी भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अपराध शाखा द्वारा जांच के दौरान जानबूझकर दुर्घटना का पता चला तो एक चौंकाने वाला खुलासा तब हुआ जब क्राइम ब्रांच द्वारा गहन जांच की गई। अपराध शाखा को पता चला कि मृतक की पत्नी शारदा और उसके प्रेमी नितिन प्रजापति ने हत्या को दुर्घटना में तब्दील करने के लिए दस लाख रूपये की सुपारी दी थी। इसके लिए गोमतीपुर के रहने वाले यासीन हायर किया गया। यासीन ने मृतक शैलेश प्रजापति की पिकअप ट्रक से हत्या कर दी। हत्या के बाद यासीन भाग गया। इस मामले में क्राइम ब्रांच ने मृतक की पत्नी व प्रेमी को गिरफ्तार कर पूछताछ की है। मृतक की पत्नी और प्रेमी से पूछताछ में पता चला कि आरोपी नितिन प्रजापति और मृतक शैलेश प्रजापति एक ही गांव के थे इसलिए नितिन ढाई साल से उनके घर आया करता था इस बीच नितिन और शैलेशभाई की पत्नी शारदा में प्यार हो गया। शैलेश को इस रिश्ते का पता चला तो उसने दोनों के मिलने पर पाबंदी लगा दी।

इसलिए दोनों प्रेमियों ने रास्ता साफ करने के लिए शैलेश को मारने की योजना बनाई। अपराध शाखा ने मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है जबकि अपराधी यासीन फरार है और उसकी तलाश जारी है।

